दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी

पड़ोसी को बिग बी ने ........
द डायरी ऑफ मणिपुर में ......

वर्ष : 12 | अंक : 51 | लखनऊ, 12 फरवरी, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## खबर संक्षेप

### पटना कोर्ट को फिर से उड़ाने की धमकी



पटना। बिहार की राजधानी पटना में बुधवार की सुबह एक बड़ी सनसनी फैल गई, जब पटना सिविल कोर्ट और दानापुर सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। अदालत की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही आए इस धमकी भरे ईमेल ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए। कोर्ट छावनी में तब्दील हो गया और चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### भारत बंद आज, कई सेवाओं पर होगा असर



नई दिल्ली। देशभर में 12 फरवरी को बड़े पैमाने पर जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। कई केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों ने इस दिन राष्ट्रव्यापी हड़ताल (भारत बंद) का आह्वान किया है। इस आंदोलन में 30 करोड़ से अधिक श्रमिकों के शामिल होने की संभावना है, जिससे बैंकिंग, परिवहन और सरकारी सेवाओं पर असर होगा।

### शेट्टी के घर फायरिंग आरोपियों पर मकोका



मुंबई। रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित आवास के बाहर बीते दिनों हुई गोलीबारी की घटना ने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने और सख्ती दिखाते हुए फायरिंग में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट लगाया है। बुधवार को इसकी पुष्टि की।

### अकासा एयर के को-फाउंडर का इस्तीफा



नई दिल्ली। देश के एविएशन सेक्टर में एक बड़े बदलाव की खबर है। अकासा एयर के शीर्ष प्रबंधन में एक बड़ा बदलाव हुआ है। कंपनी के को-फाउंडर (सह-संस्थापक) और चीफ कमर्शियल ऑफिसर प्रवीण अय्यर ने इस्तीफा दे दिया है।तीन साल पुरानी इस एयरलाइन के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है। एक अन्य को-फाउंडर भी छोड़ चुके हैं।

### फरीदाबाद में उद्योगपति से 10 करोड़ की रंगदारी



फरीदाबाद। विदेश में बैठे एक गैंगस्टर ने फरीदाबाद के एक उद्योगपति से पहले पांच और फिर 10 करोड़ की फिरौती मांगी। जब उद्योगपति ने पैसे देने से मना कर दिया, तो गैंगस्टर ने उसे धमकाने के लिए अपने गुर्गों को भेजा। इनमें से 3 गुर्गों को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में बठिंडा का मोनू, हनी और कपिल शामिल हैं।

## 'तेल खरीदी' पर केंद्र सरकार ने दिया जवाब, थरूर ने किया साफ

3 घंटे तक चली बैठक के बाद सरकार ने लिया फैसला

# जहां से भी सस्ता व अच्छा तेल मिलेगा भारत वहां से खरीदेगा 'कच्चा तेल'

### सरकार ने कहा- सस्ता होने के साथ-साथ बेहतर गुणवत्ता को भी परखेंगे

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

सरकार ने साफ किया है कि भारत उन देशों से कच्चा तेल आयात करता रहेगा, जहां यह सस्ता होने के साथ-साथ बेहतर गुणवत्ता का भी हो। भारतीय तेल कंपनियां जियो-पॉलिटिकल हालात और बिना प्रतिबंध वाले स्रोतों को ध्यान में रखकर ही खरीदारी करेंगी। यह जानकारी सरकार ने मंगलवार को एक संसदीय समिति को दी। विदेश और वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति को इस बारे में विस्तृत जानकारी दी।

थरूर ने बैठक के बाद बताया कि यह चर्चा 3 घंटे से ज्यादा चली और 30 में से 28 सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने सभी सवालों के जवाब विस्तार से दिए। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी शामिल थे। थरूर ने कहा कि चर्चा का बड़ा हिस्सा भारत-अमेरिका ट्रेड डील और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर केंद्रित रहा। रूसी तेल, कृषि उत्पादों और वैश्विक व्यापार से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी बात हुई।




समिति के अध्यक्ष थरूर ने यह बात



समिति के अध्यक्ष शशि थरूर

#### अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अब 'हथियार' बनाया जा रहा

अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे 18 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ पर थरूर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अब एक तरह से 'हथियार' बनाया जा रहा है। पहले भारतीय उत्पादों पर कुल 50 फीसदी तक टैरिफ लगता था, जिसे घटाकर 18 फीसदी किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों में शामिल है, जिन्हें सबसे कम दर का फायदा मिला है। अधिकारियों ने समिति को बताया कि भारत-अमेरिका अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट को अगले महीने तक अंतिम रूप देने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद ही इसके सभी पहलुओं पर स्पष्टता आएगी और संसद में भी इस पर चर्चा होगी।

#### बाद में दिखेगा समझौते का असर

सरकार ने बताया कि भारतीय तेल कंपनियां अब अमेरिका के साथ-साथ वेनेजुएला जैसे देशों से भी तेल खरीद सकती हैं, जहां सरकार बदलने के बाद ऊर्जा क्षेत्र पर लगे प्रतिबंध हटाए गए हैं। बैठक में भारत-बांग्लादेश संबंधों पर भी चर्चा हुई। थरूर ने कहा कि बांग्लादेश में चुनाव नतीजे आने के बाद समिति इस मुद्दे पर अलग से बातचीत करेगी।

#### प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र ने कहा

### अंतरिक्ष विजन के तहत भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाएंगे



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का उद्देश्य, अंतरिक्ष विजन 2047 के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना करना है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अनुसंधान और जीवन विज्ञान एवं चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में वैज्ञानिक अध्ययन करने मंच प्रदान करेगा। संगठन ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पांच मॉड्यूलों से युक्त समग्र संरचना तैयार कर ली है।

#### राहुल के बयान पर बवाल

### गोयल ने कहा- ट्रेड डील में किसानों के हितों की सुरक्षा की



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नेकहा कि ट्रेड डील में किसानों के हितों को कुचल दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका समझौते में देश के किसानों के हितों को कुचल दिया गया। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वाणिज्य मंत्री के रूप में, मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि सभी निर्णय हमारे किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं और उनके हितों की रक्षा की गई है।

#### त्रिवेदी ने कहा

### राहुल का व्यवहार 'शाहीन बाग' जैसा रहा



भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लगता है कि वे जहरीले झूठ फैलाकर विदेश चले जाने में विश्वास रखते हैं। उनका व्यवहार सुस्त रहा है। सदन में कांग्रेस का व्यवहार सड़क किनारे होने वाले हंगामे से कमतर नहीं था। ऐसा आचरण अशोभनीय है। ओर बैनर लेकर बढ़े, जिससे शाहीन बाग की यादें ताजा हो गईं।

#### कल्याण की शिकायत

### 'बाहर डार्लिंग और अंदर...'



बजट सत्र के दौरान लोकसभा में एक ऐसा पल आया जिसने हर किसी को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। वार-पलटवार के बीच टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी खड़े हुए। चेयर पर उस वक्त जगदंबिका पाल आसीन थे। कल्याण ने कहा कि आप बाहर तो हमें 'डार्लिंग' कहकर बुलाते हैं। यहां समय नहीं देते।

## सीएम रेखा गुप्ता ने दी मंजूरी

# दिल्ली में बनेंगे 3 नए मेट्रो कॉरिडोर व 13 नए स्टेशन



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली सरकार ने राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मेट्रो फेज-5(ए) को स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कुल 16 किलोमीटर की लंबाई वाले तीन नए कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे, जिनमें 13 मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे। इसकी अनुमानित लागत 12,014.91 करोड़ है, जिसमें दिल्ली सरकार का बजटीय हिस्सा 2,940.46 करोड़ निर्धारित किया गया है। परियोजना 2028 में पूरी होगी।

■ परिवहन व्यवस्था दुरुस्त होगी

### प्रधानमंत्री का '7-सी विजन' धरातल पर आएगा

गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना परिवहन व्यवस्था से जुड़े प्रधानमंत्री के उस '7-सी विजन' को धरातल पर उतारने की दिशा में बड़ा कदम है, जिसका अर्थ है- साझा, सुलभ , सुविधाजनक, जाम-मुक्त, ऊर्जावान, स्वच्छ और अत्याधुनिक परिवहन। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करना अनिवार्य है और यह विस्तार इसी दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### 13 में से 10 स्टेशन होंगे अंडरग्राउंड

3 कॉरिडोर में आरके आश्रम से इंद्रप्रस्थ (सेंट्रल विस्टा के रास्ते), तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज और एरोसिटी से इंदिरा गांधी डोमेस्टिक टर्मिनल-1 (आईजीडी टी-1) शामिल हैं। बनाए जाने वाले कुल 13 स्टेशनों में 10 स्टेशन अंडरग्राउंड और 3स्टेशन एलिवेटेड होंगे। यह विस्तार मौजूदा मेट्रो नेटवर्क के साथ निर्बाध इंटरचेंज की सुविधा प्रदान करेगा

### दिल्ली में एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम होगा लागू

दिल्ली सरकार और ट्रैफिक पुलिस राजधानी में ट्रैफिक प्रबंधन को पूरी तरह तकनीक आधारित बनाने की तैयारी में हैं। प्रदूषण और जाम की समस्या से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस योजना के तहत 1,000 से अधिक ट्रैफिक सिग्नलों पर स्मार्ट तकनीक, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे और स्वतः चालान प्रणाली लागू की जाएगी।

## असम के सीएम हिमंता बोले

# शिकायत मिलने पर 'सर' से हटाए गए कई लोगों के नाम

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को एक और दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्पेशल रिवीजन के दौरान लाखों 'डाउटफुल वोटर्स' यानी संदिग्ध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई बीजेपी कार्यकर्ताओं की ओर से दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर हुई है। सरमा का यह बयान ऐसे समय आया है जब चुनाव आयोग ने मंगलवार को असम के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी की, जिसमें करीब 2.43 लाख नाम ड्राफ्ट सूची से हटा दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है और आगे और नाम काटे जाएंगे। सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि धमकियों और दबाव के बावजूद बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने संदिग्ध मतदाताओं के खिलाफ बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज कराईं। इन्हीं शिकायतों की जांच के बाद स्पेशल रिवीजन के तहत इन मतदाताओं के नाम सूची से बाहर किए गए।

## सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

# हम सोनम वांगचुक को रिहा नहीं कर सकते, वे पूरे फिट

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह लद्दाख के क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को रिहा नहीं कर सकती। वांगचुक को पिछले साल लेह में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। इस हिंसक प्रदर्शन में 4 लोग मारे गए थे और 150 से ज़्यादा लोग घायल हुए थे। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच के सामने यह बात कही। यह बात सुप्रीम कोर्ट के पहले के सवाल के जवाब में कही गई थी। अधिकारियों से वांगचुक की बिगड़ती सेहत को देखते हुए मेडिकल आधार पर उनकी रिहाई पर विचार करने को कहा गया था। मेहता ने कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से उनकी समय-समय पर करीब 24 बार जांच की गई है। वे पूरी तरह फिट हैं। दो समस्या थी, ठीक हो गई है।


## देहरादून में हो रही साजिश, कांग्रेस पर किया हमला

# 20 एकड़ जमीन पर इस्लामिक यूनिवर्सिटी की मुख्यमंत्री धामी ने दिए जांच के आदेश

धौलास में जमीन करीब दो दशक पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने की थी आवंटित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

यहां आईएमए के नजदीक धौलास क्षेत्र में लगभग 20 एकड़ जमीन के कथित तौर पर इस्लामिक शिक्षा संस्थान के लिए हस्तांतरण का मामला अब विवाद का केंद्र बन गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। धामी ने आरोप लगाया कि बार-बार डेमोग्राफिक बदलाव और इस्लामिक यूनिवर्सिटी की बात एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। धौलास में यह जमीन 2दशक पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आवंटित की थी।



### कांग्रेस ने नियम के खिलाफ किया था इसका आवंटन



धामी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति को ही प्राथमिकता दी है। बार-बार डेमोग्राफिक बदलाव और मुस्लिम यूनिवर्सिटी की बातें सामने आना कहीं न कहीं एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती हैं। धौलास में किया गया भूमि आवंटन इसका एक बड़ा उदाहरण है। इस पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## राहुल के देश बेचने वाले आरोप पर सीतारमण का पलटवार

# डब्ल्यूटीओ में कांग्रेस ने किया था सरेंडर, हमने नहीं

### वित्तमंत्री ने बजट भाषण में विपक्ष को लिया आड़े हाथ

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पर भाषण पर नेता विपक्ष राहुल गांधी के आरोपों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने राहुल के पीएम मोदी पर लगाए आरोपों पर कहा कि वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ ) में आपने सरेंडर किया था, न कि हमने। इसके अलावा उन्होंने विपक्ष के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि देश में क्रेडिट की कोई कमी नहीं है। फर्टिलाइजर्स के लिए अलग से बजट अलॉट किया गया है, जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी। वित्त मंत्री ने बंगला की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर भी जमकर निशाना साधा।

#### केंद्र कुछ नहीं देता तो कोलकाता में पेट्रोल 10 रु.में ...



सीतारमण ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी और टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी के आरोपों का भी जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि बजट में बंगाल के लिए कुछ नहीं है। सीतारमण ने कहा कि ये गलत आरोप लगा रहे हैं। बंगाल की जनता के हित में ये कुछ नहीं कर सकते हैं और कहते हैं कि केंद्र ने बंगाल को कुछ नहीं दिया। सीतारमण ने कहा कि मछलीपालन और एनिमल हस्बेंड्री को बढ़ावा देने सरकार प्रतिबद्ध है। इससे किसानों और इसके लिए काम करने वालों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पुराने बिजनेस को भी बढ़ावा देने के लिए सरकार का जोर है। सीतारमण ने कहा कि टीएमसी नेता शायद कट मनी लेते होंगे इसलिए ऐसी बात कर रहे हैं। अगर केंद्र कुछ नहीं देता तो दिल्ली से कोलकाता में पेट्रोल 10 रुपए में क्यों जाता है?

#### अनुराग ठाकुर ने बजट को बताया

### यह 'डेवलपमेंट एक्सप्रेस' 'ए से जी' तक सभी के लिए लाभकारी



लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद ने इसे देश के विकास और समावेशन को लेकर नया संदेश बताया। अनुराग ठाकुर ने इसे 'डेवलपमेंट एक्सप्रेस' बताते हुए कहा कि यह सिर्फ आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और समाज के हर वर्ग के कल्याण की व्यापक दृष्टि है। उन्होंने केंद्रीय बजट को देश के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## बुलंदशहर में कांवड़ियों से अभद्रता

# दबंगों ने श्रद्धालुओं का रोका रास्ता, मारपीट भी की गई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



यहां के स्याना क्षेत्र के गांव माकड़ी में हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रही महिला कावड़ियों के साथ दबंगों ने अभद्रता की। आरोप है कि संदीप त्यागी और डब्बू त्यागी नाम के दबंगों ने डीजे बजाकर जा रहे कावड़ियों का रास्ता रोका, डीजे बंद कराया और उनके साथ गाली-गलौज, मारपीट व छेड़छाड़ की। इससे कांपड़ियों में नाराजगी है। कावड़ियों ने इसका विरोध करते हुए हंगामा काटा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को कावड़ियों ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने कार्रवाई करत हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है, लेकिन कुछ घंटों बाद साठगांठ कर उन्हें छोड़ दिया गया। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश है। महिला कावड़ियों ने विरोध में हंगामा काटा, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

## संक्षेप

### अपने ही प्लाट पर कब्जा न पाने से पीड़िता ने लगाई पुलिस से गुहार

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना में एक महिला ने अपनी ही खरीदी हुई संपत्ति पर कार्य कराने से रोके जाने और अभद्रता किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता निगोहां निवासी गीता पत्नी आशुतोष ने बताया कि वृंदावन योजना सेक्टर-12 में मकान संख्या 12बी/317 में 440 वर्गफीट का अर्धनिर्मित मकान दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को रजिस्ट्री कराकर खरीदा था पीड़िता का कहना है कि उक्त संपत्ति उन्होंने बैंक लोन के माध्यम से खरीदी है, जिसके सभी आवश्यक दस्तावेज और प्रमाण उनके पास उपलब्ध हैं। गीता का आरोप है कि जब वह अपने मकान में निर्माण कार्य कराने पहुंचीं तो पड़ोस में रहने वाले सत्य प्रकाश पाण्डेय पुत्र रमाकांत पाण्डेय (निवासी 12बी/318, वृंदावन योजना) ने उन्हें संपत्ति पर कार्य करने से रोक दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़िता का कहना है कि संबंधित व्यक्ति का उक्त संपत्ति से कोई लेना-देना नहीं है, फिर भी उन्हें मकान नहीं बनाने दे रहा है पीड़िता ने पीजीआई थाने पर प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की मांग की है और अपने प्लॉट पर कार्य करना चाहती हैं इंस्पेक्टर पी जी आई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच की जा रही है

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के करीब 1 बजे डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि मोहदीनपुर निवासी दिलीप कुमार साहू के पुत्र अमित साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी फील्ड यूनिट को भी दी गई। फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की। मौके पर युवक का शव पंखे के हुक से लटका मिला, जिसे नीचे उतरवाकर पंचायतनामा की कार्रवाई की गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया।

# जनकल्याण, सुशासन और समृद्धि के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट - पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को जनआकांक्षाओं को समर्पित, जनकल्याण, सुशासन और समृद्धि के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट बताते हुए बजट का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो उत्तर प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार ने 9.12 लाख करोड़ से अधिक का विशाल बजट पेश किया है। जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। जिससे प्रदेश में विकास और जनकल्याणकारी योजनाएं और अधिक गति से चलेंगी। प्रदेश सरकार ने विकास और विश्वास का जो मॉडल स्थापित किया है, यह बजट उसी प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतिबिम्ब है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि इस बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं का ध्यान रखा गया है। मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक व सामाजिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकें। युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप और रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए व्यापक योजनाएं इस बजट में सम्मिलित हैं, जो उन्हें सक्षम और आत्मनिर्भर बनाएंगी।



उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास, एमएसएमई को प्रोत्साहन, आधारभूत संरचना के विस्तार और निवेश को बढ़ावा देने वाले प्रावधान प्रदेश में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन सुनिश्चित करेंगे। इससे हर हाथ को काम देने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। कृषि और किसान कल्याण को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने सिंचाई, भंडारण, आधुनिक तकनीक और कृषि आधारित उद्योगों के विकास पर विशेष बल दिया है। गन्ना मूल्य की दरों में 30 रू. प्रति कुंटल की वृद्धि किसान हित में स्वागत योग्य निर्णय है। यह प्रयास किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

श्री चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बजट में महिलाओं के रोजगार और आत्मनिर्भरता पर खासा जोर दिया गया है। महिला सशक्तिकरण के लिए योजनाओं को जमीन पर उतारा जाएगा। प्रदेश में महिलाओं के लिए विशेष स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोले जायेंगे। जहां महिलाओं को आधुनिक एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। बजट में मेधावी छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत सरकार ने 400 करोड़ रू. का प्रावधान किया है। कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल, युवाओं के लिए नए रोजगार और खेल विश्वविद्यालय सहित कई बडे.निर्णय युवाओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होंगे। प्रदेश में 14 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का भी बजट में प्रावधान किया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट ‟सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की भावना को साकार करते हुए उत्तर प्रदेश को विकास के नए आयामों तक पहुंचाएगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल एसएसएफ दीवान की इलाज के दौरान मौत,

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हुए एसएसएफ दीवान की बुधवार को एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से उन्नाव स्थित इंदिरा नगर के रहने वाले सर्वेश शर्मा (38) आलमबाग क्षेत्र में रहकर सरोजनी नगर के 32वीं वाहिनी पीएसी स्थित एसएसएफ पुलिस ऑफिस में दीवान पद पर कार्यरत थे। बीती 17 जनवरी को सर्वेश अपनी बाइक से कार्यालय के काम से सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा स्थित निमार्णाधीन एसएसएफ मुख्यालय जा रहे थे। तभी सरोजनी नगर में दरोगा खेड़ा के पास कानपुर रोड पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन बाद में परिजनों ने वहां से रेफर करा कर उन्हें कृष्णा नगर स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार को इलाज के दौरान दीवान सर्वेश ने दम तोड़ दिया।मृतक के परिवार में उनकी पत्नी कामिनी के अलावा दो बेटे और एक बेटी है। फिलहाल सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने नियम 301 के अंतर्गत जनहित का मुद्दा सदन में उठाया, सूचना स्वीकार

### नियम 301 के तहत सरोजनीनगर की आवाज बुलंद, डॉ. राजेश्वर सिंह की सूचना सदन में स्वीकार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर । लखनऊ सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान नियम 301 के अंतर्गत अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण जनहितकारी मुद्दे को प्रभावशाली ढंग से सदन में उठाया। सदन द्वारा उनकी सूचना को स्वीकार कर लिया गया, जिससे क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने वक्तव्य में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के नगर विस्तारित क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की 36 ग्राम पंचायतें नगर निगम लखनऊ के विस्तारित क्षेत्र में सम्मिलित हो गयी हैं, जिसके कारण लंबे समय से उन गाँवों का विकास कार्य बाधित रहा है।, लेकिन अभी तक वहाँ सड़क, नाली, सीवर लाइन एवं पेयजल जैसी आधारभूत सुविधाओं का समुचित विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने सदन में स्पष्ट किया कि सरोजनीनगर क्षेत्र एयरपोर्ट के निकट होने के कारण रणनीतिक और निवेश की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में विस्तारित क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण न केवल स्थानीय निवासियों की आवश्यकता है, बल्कि प्रदेश की छवि और विकास के लिए भी अनिवार्य है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरकार से इन क्षेत्रों के विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त धनराशि आवंटित करने की मांग की, ताकि वर्षों से लंबित बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। सदन द्वारा सूचना स्वीकार किए जाने पर क्षेत्रवासियों में आशा और विश्वास का वातावरण है कि शीघ्र ही विकास कार्यों को गति मिलेगी और सरोजनीनगर के विस्तारित क्षेत्रों को भी राजधानी के अनुरूप आधुनिक सुविधाएँ प्राप्त होंगी।



## 13 के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

लखनऊ । आशियाना क्षेत्र में कंपनी खोल आमजनमानस को झांसे में लेकर लाखों रुपए की ठगी करने वाली कंपनी मालिक समेत कंपनी से जुड़े दर्जन भर लोगों के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस खोल सैकड़ों लोगों को आशियाना का ख्वाब दिखा झांसे में लेकर आम जनमानस से लूट खसोट किया गया था जिसमें मामले में कंपनी मालिक और उसके पार्टनरों और सहयोगी कर्मियों के खिलाफ कई मुकदमे कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर कंपनी का मुख्य संचालक विजय कांत तिवारी को जेल भेज दिया गया था जो वर्तमान में जेल में निरुद्ध है। मुकदमों के आधार पर 13 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है जिसमें कंपनी से जुड़े तीन सहयोगियों राजकुमार पुत्र राजकुमार निवासी हरिहरपुर नीलमथा कैंट, गोमती प्रसाद पुत्र बृजमोहन निवासी परवर पश्चिम मोहनलालगंज एवं शबिहुल हसन पुत्र जलीलूल हसन निवासी जेल रोड बंगला बाजार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मलिहाबाद और माल पहुंचे डीएम, लापरवाहों को फटकारा

अमन लेखनी समाचार



डीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

लखनऊ। मलिहाबाद में एसीपी कोर्ट का संचालन शुरू न होने से नाराज अधिवक्ताओं का आंदोलन बुधवार को निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया। सोमवार से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के तीसरे दिन प्रशासनिक हलचल तेज हो गई। एसीपी स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और अधिवक्ताओं से ज्ञापन लेकर 15 दिनों के भीतर मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। वहीं जिलाधिकारी विशाख अय्यर के अचानक तहसील पहुंचने से परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सम्राट सिंह और महामंत्री कमलेश कुमार गौतम ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि शांति भंग से जुड़े मामलों के चालान 35 किलोमीटर दूर दुबग्गा स्थित एसीपी कोर्ट भेजे जा रहे हैं। इससे अधिवक्ताओं और वादकारियों को अनावश्यक भागदौड़ के साथ आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। अध्यक्ष सम्राट सिंह ने कहा कि मलिहाबाद में एसीपी कोर्ट की स्थापना की मांग वर्षों से लंबित है। कई बार प्रशासन को ज्ञापन दिया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। जिलाधिकारी विशाख अय्यर ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि राजस्व परिषद की नियमावली के अनुरूप उनका अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही एसीपी कोर्ट को अस्थायी रूप से तहसील भवन की किसी भी उपलब्ध बिल्डिंग में संचालित कराया जाएगा और नए भवन के निर्माण के बाद उसे वहां स्थानांतरित कर दिया जाएगा। वहीं 23 दिनों से तहसील मे धरना दे रही ग्राम पंचायत भदेसरमऊ की ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी मौर्य से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियो को तुरंत समस्या का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में विकास खंड माल का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी ने मनरेगा की पत्रावलियों में खामियां मिलने पर एपीओ रामयश को कारण बताओ नोटिस जारी किया। आधी-अधूरी पत्रावलियां देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। साथ ही पोषण वाटिका को और सुंदर बनाने तथा खाली पड़ी भूमि पर उपयोगी पौधारोपण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

# टैंकर ने बाइक सवार को मारी टक्कर,युवती की मौत

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में बुधवार शाम तेज रफ्तार अज्ञात टैंकर ने बाइक सवार युवक और उसकी मौसी को टक्कर मार दी। हादसे में युवती की मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक चिल्लावां गांव निवासी निजी चालक चंद्रशेखर का 19 वर्षीय बेटा रामसागर आलमबाग स्थित जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। बुधवार शाम करीब 4:30 बजे रामसागर की उन्नाव जिले के इब्राहिमपुर में रहने वाली मौसी किरन (20) अपने बहनोई के घर चिल्लावां आ रही थी। घर पहुंचने से पहले वह अमौसी औद्योगिक क्षेत्र स्थित आर्यन हॉस्पिटल से दवा लेना चाहती थी। जिसको लेकर नादरगंज तिराहे पर पहुंचकर उसने रामसागर को फोन कर बुलाया। रामसागर पल्सर बाइक से उसे लेकर अस्पताल जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े और टैंकर उनके ऊपर से गुजर गया। हादसे में रामसागर का बायां पैर टूट गया, जबकि किरन के पेट के ऊपर से पहिया गुजरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं घटना के बाद टैंकर चालक अपने वाहन सहित फरार हो गया। बाद में पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने किरन को मृत घोषित कर दिया। जबकि रामसागर को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों के मुताबिक मृतका की 24 फरवरी को शादी होनी थी और 17 फरवरी को तिलक था। वह शादी की खरीदारी करने अपने बहनोई के घर आ रही थी। मटका के परिवार में उसके पिता जगदीश के अलावा उसकी मां और दो बड़ी विवाहित बहनें व एक बड़ा विवाहित भाई मोहित है। फिलहाल पुलिस ने किरन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# शादी के बाद अलगाव नहीं हुआ बर्दाश्त, सहेली संग युवती ने दी जान

## साथ पढ़ीं, साथ रहीं और साथ ही मौत को गले लगाया

अमन लेखनी समाचार/रुद्र प्रताप सिंह

लखनऊ। रहीमाबाद दिलावरनगर रेलवे स्टेशन के बीच बेलवा फाटक के पास बुधवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मनकौटी गांव की दो बचपन की सहेलियों नीतू (23) और शशि (20) ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। दोनों के क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर पड़े मिले। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस और रहीमाबाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### उन्नाव जिले में हुई थी युवती की शादी

ग्रामीणों के मुताबिक नीतू और शशि बचपन से गहरी सहेलियां थीं। दोनों साथ पली-बढ़ीं और साथ ही स्कूल में पढ़ाई की। बताया जाता है कि नीतू की शादी बीते 2025 में उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के धनैया खेड़ा गांव निवासी ईशू से हुई थी। शादी के बाद नीतू ससुराल में रहने लगी थी, जिससे दोनों सहेलियों की मुलाकात कम हो गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि इस वजह से शशि काफी परेशान रहती थी। परिजनों के अनुसार नीतू बुधवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे अपने देवर रवि के साथ मायके मनकौटी आई थी। घर पहुंचते ही वह अपनी सहेली शशि से मिलने की बात कहकर निकल गई। करीब एक घंटे बाद दोनों के ट्रेन के आगे कूदने की सूचना गांव पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे दोनों को खेत की ओर जाते देखा गया था। इसके बाद वे रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंचीं, यह किसी ने नहीं देखा। दोनों की चप्पलें पास के बाग में मिलीं।



मृतका शशि फाइल फोटो



मृतका नीतू फाइल फोटो

### दोनों के परिवारीजनों ने किसी भी आरोप से किया इनकार

घटना की सूचना मिलते ही नीतू के पिता बुद्धा और शशि के पिता अशफीर्लाल सहित परिवारजन मौके पर पहुंचे। दोनों परिवारों ने किसी भी प्रकार का आरोप लगाने से इनकार किया है। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

### शशि की शादी तय होकर टूट चुकी थी

परिजनों के अनुसार कुछ माह पहले शशि की शादी तय हुई थी, लेकिन बाद में रिश्ता टूट गया था। शशि के परिवार में अशर्फी लाल, बहन पूजा, भाई राजकुमार, विनोद, मनीष, विकास और अवधेश हैं। वहीं, नीतू के परिवार में बुद्धा, भाई नरेश, बहनें अनीता और मीरा हैं। शशि ने हाईस्कूल और नीतू ने इंटर तक की पढ़ाई की थी।

### गांव में पसरा मातम

ग्रामीणों का कहना है कि दोनों सहेलियां एक-दूसरे से अलग नहीं रहना चाहती थीं। अक्सर दिनभर साथ रहती थीं। कई बार परिजनों ने समझाया भी, लेकिन उनकी गहरी मित्रता में कोई कमी नहीं आई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। दोनों में बचपन से गहरी दोस्ती थी। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हरित ऊर्जा को नयी उड़ानः बजट में 2,104 करोड़ का प्रावधान

- सौर, जैव ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन पर दोगुना जोर, 22,000 मेगावॉट उत्पादन का लक्ष्य

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बजट में सरकार ने अतिरिक्त ऊर्जा स्रोतों के विकास के लिए लगभग 2,104 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 की तुलना में दो गुने से अधिक है। यह प्रावधान राज्य की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022, उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 और उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत आगामी पांच वर्षों में 22,000 मेगावॉट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में अब तक 2,815 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। यह उपलब्धि दशार्ती है कि नीति निर्माण के साथ-साथ क्रियान्वयन स्तर पर भी सरकार सक्रिय है।

**पीएम कुसुम और सूर्यघर योजना को 1,500 करोड़:** पीएम कुसुम सूर्यघर योजना को प्रदेश में सघन रूप से लागू किया जा रहा है। बजट में इसके लिए 1,500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इससे किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में गति मिलेगी।

**17 नगर निगम बनेंगे सोलर सिटी :** अयोध्या और मथुरा सहित 17 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित ढांचे को मजबूत करने का यह प्रयास स्वच्छ ऊर्जा की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक 5.20 लाख सोलर स्ट्रीट लाइट संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे ऊर्जा बचत के साथ-साथ सुरक्षा और सुविधाओं में भी सुधार हुआ है।

**जैव ऊर्जा में देश में अग्रणी :** उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के अंतर्गत प्रदेश में 36 सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। इससे अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ ईंधन उत्पादन दोनों को बढ़ावा मिला है।

**ग्रीन हाइड्रोजन में नई पहल :** ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने अग्रणी कदम उठाया है। ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत प्रदेश में दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों के अनुसंधान और औद्योगिक उपयोग को बढ़ावा देगी।

## पीडब्ल्यूडी बजट : आधारभूत संरचना को मिलेगा नया आयाम

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में लोक निर्माण विभाग के लिए व्यापक एवं दूरदर्शी बजटीय प्रावधान किए गए हैं। यह प्रावधान प्रदेश में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं अनुरक्षण के माध्यम से समग्र विकास को गति प्रदान करेंगे। लोक निर्माण विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में लोक निर्माण विभाग हेतु बजट की कुल 38562.67 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण, चौड़ीकरण एवं अनुरक्षण के लिए 34468 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो प्रदेश की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश में नॉर्थ साउथ कॉरिडोर के विकास के लिए मार्गों के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/निर्माण के लिए 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश में सेतुओं के निर्माण के लिए 4,808 करोड़ रुपये तथा रेल उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं (आरओबी/आरयूबी) के निर्माण के लिए 1,700 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए 3,700 करोड़ रुपये का प्रावधान है। राज्य सड़क निधि से सड़कों के अनुरक्षण के लिए 3,000 करोड़ रुपये तथा निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के लिए अतिरिक्त 3,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। शहरी क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बाईपास, रिंग रोड एवं फ्लाईओवर निर्माण के लिए 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान।

# एमएसएमई को 3,822 करोड़ का संबल

- वस्त्रोद्योग में 5,041 करोड़ का प्रावधान, 30,000 नये रोजगार और मेगा टेक्सटाइल पार्क बनेंगे

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, हथकरघा वस्त्र उद्योग और खादी ग्रामोद्योग क्षेत्रों को केंद्र में रखकर रोजगार और औद्योगिक विस्तार की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत की है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले इन क्षेत्रों के लिए बढ़े हुए बजटीय प्रावधानों के साथ नई योजनाओं और लक्ष्यों की घोषणा की गई है, जिनका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों स्तरों पर रोजगार सृजन, परंपरागत उद्योगों का आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को गति देना है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सेक्टर की योजनाओं के लिए 3,822 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। जो वर्ष 2025-26 की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र से लगभग 3.11 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। उत्तर प्रदेश एमएसएमई के मामले में सभी राज्यों में अग्रणी बना हुआ है। एमएसएमई उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सरदार वल्लभभाई पटेल इम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन की नई योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके लिए 575 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान हेतु 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 1 लाख सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है और आवश्यकता अनुसार इसे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए 225 करोड़ रुपये तथा एक जनपद एक व्यंजन योजना के लिए 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र के लिए लगभग 5,041 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो वर्ष 2025-26 की तुलना में पांच गुने से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में वस्त्रोद्योग क्षेत्र में 30,000 रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में गारमेंटिंग हब विकसित करने के लिए पीएम मित्र पार्क योजना के अंतर्गत विश्वस्तरीय मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की जाएगी। हथकरघा बुनकरों के साथ पावरलूम बुनकरों के उत्थान के लिए अटल बिहारी बाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना हेतु 4,423 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति 2022 के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**एसजीपीजीआई में देश का पहला क्वाटर्नरी हेल्थ केयर सेंटर होगा स्थापित :** वर्ष 2017 से पहले खराब सुरक्षा व्यवस्था और कमजोर इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण प्रदेश की छवि प्रभावित थी, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश के धार्मिक, हेरिटेज, इको और एडवेंचर टूरिज्म स्थलों पर 122 करोड़ पर्यटकों ने यात्रा की। बजट में पीपीपी मोड पर 1 लाख अतिरिक्त होटल रूम जोड़ने और 50,000 नए होम-स्टे विकसित करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही महिला गाइडों के लिए 10,000 रुपये का लाइसेंस शुल्क माफ कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। पहले जहां कुल 36 मेडिकल कॉलेज थे।

आज प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज, 2 एम्स और कई सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 करोड़ 46 लाख से अधिक आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी कर यूपी देश में अग्रणी राज्य बन चुका है। हर जिले में निःशुल्क डायलिसिस, रेडियोलॉजी सेवाएं (एमआरआई, सीटी, कलर डॉप्लर, डिजिटल एक्स-रे) उपलब्ध कराने की तैयारी है। इसके साथ ही एसजीपीजीआई लखनऊ में देश का पहला क्वाटर्नरी हेल्थ केयर सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए प्रथम चरण में 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह सेंटर विशेष रूप से ऑर्गन ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

## संक्षेप

### अज्ञात लोडर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हालत गंभीर

सफीपुर, उन्नाव।माखी थाना क्षेत्र के चकलवंशी गाँव समीप अज्ञात लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया।घायल को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। माखी के कोरारी गांव निवासी रोहित (25) पुत्र छुन्नीलाल बुधवार को ममेरे भाई गगन पुत्र साधु लाल के साथ बाइक से फतेहपुर चौरासी के पंडा खेड़ा गाँव बहन के यहां जा रहा था।मुख्यमार्ग के चकलवंशी गाँव समीप अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में रोहित घायल हो गया जबकि गगन बाल बाल बच गया।घायल को सफीपुर सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टर ने उसकी गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### फूस के छप्पर का सुधार कर रही महिला छप्पर सहित नीचे गिरकर घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है।जहां एक महिला छत से चढ़कर अपने घर में छपर का सुधार कर रही थी. इसी दौरान अचानक पुर छप्पर नीचे गिर गया जिससे छप्पर के नीचे महिला दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई. परिजन बिना देरी करते हुए घायल महिला को सीएचसी बांगरमऊ लेकर पहुंचे. जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया. मेरी जानकारी के अनुसार बंगाराम कोतवाली क्षेत्र के पलिया गांव निवासी लक्ष्मीपति प्रकाश उम्र 52 वर्ष आज बुधवार दोपहर लगभग 1:00 बजे छपर का सुधार करने के लिए छत पर चढ़ी थी. जैसे ही वह छप्पर पर खड़ी हुई इसी बीच छप्पर नीचे गिर गया और उसके नीचे महिला दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई. चीख पुकार सुन परिजन तुरंत छप्पर के नीचे दबी महिला को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे. जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### डीसीएम चालक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर हालत गंभीर

उन्नाव। लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर डीसीएम चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।अलीगढ़ के थाना रोरावर के महफूज नगर निवासी शमी 55 पुत्र सुलेमान डीसीएम लेकर दिल्ली से लखनऊ के लिए निकला था।मंगलवार रात लखनऊ में ट्रांसपोर्ट नगर में गाड़ी खाली करके कानपुर के लिए निकला था। रास्ते में बुधवार सुबह अजगैन कोतवाली क्षेत्र में राजमार्ग पर जीआरओ पेट्रोल पंप के सामने सड़क किनारे डीसीएम खड़ी करके उतर रहा था।इस दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल चालक को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शिक्षकों ने जोरदार किया विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।टेट अनिवार्यता एवं केन्द्र सरकार के दोहरे मापदण्ड के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा राज्यमंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन ने शिक्षकों से पुतला छीन लिया।केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी द्वारा बीते 9 फरवरी को एक प्रश्न के जवाब में कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार वर्ष 2011 के पहले नियुक्त शिक्षकों को भी टेट परीक्षा पास करनी होगी।जबकि इसके पहले केन्द्र सरकार के शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शिक्षकों के साथ कई चरणों की वार्ता में कहा था कि लोकसभा में अधिनियम संशोधित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष मजबूती से पैरवी की जाएगी जिससे शिक्षकों का अहित न हो। लेकिन शिक्षा राज्यमंत्री के बयान के बाद प्रदेश व देश के परिषदीय शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा के निर्देश पर बुधवार को जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय के नेतृत्व में विद्यालय समयावधि के बाद जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पर जनपद के सभी विकास खण्डों से शिक्षक व पदाधिकारी एकजुट हुए और मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी, हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, आदि कथन गुंजायमान हुए।शिक्षा राज्यमंत्री के पुतले को पुलिस ने छीन लिया लेकिन शिक्षकों ने उनके दिए गये बयान की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2011 के पूर्व कार्यरत सभी शिक्षक नियुक्ति के समय आवश्यक न्यूनतम योग्यता की अर्हता रखते थे, तभी विज्ञप्ति के अनुसार उनकी नियुक्ति की गई थी।वे सभी शिक्षक बीस या पच्चीस वर्ष से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। लेकिन वर्तमान केन्द्र सरकार उक्त शिक्षकों पर वर्तमान अर्हता थोपना चाहती है जो कि अन्यायपूर्ण है। संगठन के जिलामंत्री गजेंद्र वर्मा ने कहा कि हमारे साथ सरकार द्वैषभाव क्यों रख रही है? इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह, विनोद सिंह, तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया, देवेन्द्र यादव, श्यामू चौरसिया, मीडिया प्रभारी मदन पाण्डेय, विवेक सिंह पटेल, असोहा अध्यक्ष संदीप द्विवेदी, सि० कर्ण अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, राम करन मौर्य, शशांक सिंह, रज्जू प्रसाद, प्रभात कुमार, फूलचंद समेत सैकड़ों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए।

# महाशिवरात्रि को लेकर थाना परिसर में हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज नगर पंचायत अचलगंज में शिव रात्रि पर निकलने वाली 23वीं महा शिव शोभायात्रा (झांकी) के आयोजन को लेकर बुधवार को थाना परिसर में एक बैठक संपन्न हुई।जिसमें शोभायात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग एवं कानून व्यवस्था पर टिप्स दिए गए।कस्बे के हड़हा रोड पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाए जाने का मुद्दा जोर शोर से व्याप्त रहा।

नायब तहसीलदार अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में आहुत व्यापारियों,शिव भक्तों की बैठक में यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी ली गई।व्यापार मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पांडे ने चौराहे पर लगवाए गए सीसीटीवी कैमरा खराब होने की जानकारी देते हुए उसे ठीक करवाने को कहा।टिल्लू गुप्ता ने हड़हा रोड पर व्याप्त अतिक्रमण को हटवाने की बात रखी।जिसका सभी ने समर्थन किया।राजन शुक्ला द्वारा किसी भी बैठक में नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी के न आने का मुद्दा उठाया गया।सीओ बीघापुर मधुप नाथ मिश्रा ने आयोजक मंडल से महिला एवं पुरुष वालिंटियर बनाए जाने को कहा।साथ ही उन्हें आई कार्ड ,या कोई चिन्ह लगाए ताकि लोगों को समझ में आए कि यह व्यवस्थापक है।किसी भी कार्यकर्ता को डंडा लेकर चलने की इजाजत न दी जाए।अतिक्रमण के मुद्दे पर कहा कि यह कार्य नगर पंचायत का है वह दुकानदारों को नोटिस दे और जुमार्ना काटे।इसके बावजूद न मानने पर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाए।इस पर नगर पंचायत के बाबू धीरेन्द्र यादव ने कहा कि उन्हें जुमार्ना काटे जाने का अधिकार अभी नहीं मिला है।इस मौके पर अखिल गुप्ता,पप्पू गुप्ता,चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव वर्मा,प्रशांत तिवारी,राजन शुक्ला,गुड्डु गुप्ता,संजय तिवारी, अंशू,धीरज आदि लोग मौजूद रहे

# बाइक व साइकिल में जोरदार टक्कर दोनो सवार घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में माढ़ापुर मार्ग पर तेज रफ़्तार बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे दोनों वाहन पलट गए। हादसे में साइकिल और बाइक सवार दोनों गंभीर घायल हो गए। साइकिल सवार वृद्ध को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर निवासी जगदीश सिंह 65 वर्ष पुत्र महादेव सिंह आज सुबह लगभग आठ बजे साइकिल से अपने खेत पर जा रहे थे। जबकि कछियन पुरवा निवासी शीलू उर्फ अजय कुमार 25 वर्ष पुत्र शिवकुमार नगर के माढ़ापुर रोड पर रहता है।वह बाइक से अपनी क्लीनिक पर ग्राम बरुआघाट जा रहा था। रास्ते में बांगरमऊ - माढ़ापुर मार्ग तेज रफ़्तार शीलू की बाइक साइकिल से टकरा गई।टक्कर के बाद दोनों वाहन पलट गए।हादसे में साइकिल सवार जगदीश सिंह का पैर दो जगह से टूट गया। जबकि बाइक सवार शीलू को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल जगदीश सिंह की हालत नाजुक बताकर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जबकि बाइक सवार शीलू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# आगे जा रही डीसीएम में पीछे से लड़ी कार सात घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही डीसीएम से टकरा गई।इस हादसे में कार में सवार सात लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच को गंभीर चोटें आई हैं।यह घटना एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 231 के पास हुई। सूचना मिलने पर यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को नजदीकी बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।प्राथमिक उपचार के बाद पांच गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं।मिली जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी लोग एटा जिले के थाना सदर कोतवाली क्षेत्र के उदितपुर गांव के निवासी हैं।अवनीश कुमार (19), संगीता (18), भूपेंद्र (28), हकीम सिंह (34) और आशुतोष (28) लखनऊ गए थे और दो अन्य लोगों के साथ वापस अपने घर लौट रहे थे।यह दुर्घटना देवखरी चौकी के निकट हुई, जहां लखनऊ से आगरा की ओर जा रही अर्टिगा कार का अगला हिस्सा अनियंत्रित होकर डीसीएम के पिछले हिस्से में घुस गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# युवक ने निगला जहरीला पदार्थ इलाज

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के कोलवा गांव में एक व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मंगलवार शाम जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, कोलवा गांव निवासी राजेश कश्यप (पुत्र गंगाराम कश्यप) ने कथित तौर पर घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था। पदार्थ का सेवन करने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने राजेश की गंभीर हालत देखते हुए तत्काल एंबुलेंस की सहायता से उन्हें उपचार के लिए उन्नाव के जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने राजेश कश्यप का उपचार शुरू किया, लेकिन उनकी हालत लगातार नाजुक बनी रही। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद मंगलवार शाम को उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।मृतक राजेश कश्यप अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी में घरेलू विवाद को घटना का कारण बताया जा रहा है।मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## गुमशुदा मासूम बच्चे को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।दही थाना क्षेत्र के कानपुर लखनऊ हाईवे पर स्थित एक गेस्ट हॉउस में परिजन शादी समारोह में शामिल होने आए हुए थे।इसी दौरान उनका बच्चा कहीं गुम हो गया।काफी खोजबीन के बाद जब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को 1 घंटे के अंदर परिजनों को सौंप दिया।दही क्षेत्र के कटरा गांव के रहने वाले दीपक पुत्र छत्रपाल ने पुलिस को सूचना दी।एक बच्चा करीब ( 4 ) वर्षीय कानपुर लखनऊ हाईवे स्थित एक गेस्ट हाउस के पास रोते हुए घूम रहा है।तत्काल दही पुलिस संज्ञान लेते हुए 1 घंटे के अंदर गुमशुदा बच्चों को खोज कर पिता सुखलम्बर पुत्र सुरेश कुमार निवासी कुरसठ थाना आसीवन सकुशल सपोर्ट कर दिया।बच्चे को देख परिजन सीने से लगा लिया।बच्चा मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस की प्रशंसा व धन्यवाद दिया।थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गुमशुदा बच्चे को सकुशल उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# ईंट मारकर युवक पर हमला इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र की चौकी निबई के गांव गंगासेवक खेड़ा मजरे खरौली निवासी 35 वर्षीय सुशील पुत्र रामखिलावन को दरवाजे सोते समय 9 फरवरी की भोरपहर पड़ोसी युवक ने सिर पर ईंट मारकर लुहूलुहान कर दिया।इलाज के दौरान 10 फरवरी को सुशील की मौत हो गई।मृतक की मां ने थाने में तहरीर देकर पड़ोसी के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कराया है।

गंगा सेवा खिलाड़ी निवासी सुशील कुमार घर के बाहर रखे चप्पल के नीचे सो रहे थे 9 फरवरी की सुबह लगभग 3 बजे गांव के ही निवासी पड़ोसी संतोष पुत्र राम गोपाल साहू ने दरवाजे सोते समय सुशील के सिर पर ईंट से कई वार कर घायल कर दिया था। सुशील की आवाज सुनकर घर में मौजूद मां रामवती तथा 7 वर्षीय पुत्री पिंकी बाहर निकली।घर के लोगों के घर से निकलते देख हमलावर पड़ोसी संतोष हाथ में ईंट लिए ही भाग निकला।परिजन सौ शैय्या अस्पताल ले गए जहां गंभीर स्थित देखते हुए जिला चिकित्सालय तथा वहां से हैलेट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया। 10 फरवरी को सुशील की मौत हो गई। 10 फरवरी की देर शाम गांव से शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। माँ रामवती की तहरीर पर पड़ोसी संतोष के विरुद्ध पुलिस ने हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। पत्नी ममता घटना के समय मायके गई हुई थी। घर पर केवल उसकी मां व मृतक की 7 वर्षीय पुत्री पिंकी ही थी। मृतक गांव में ही रहकर मजदूरी करता था। शव पहुंचते ही घर में मौजूद मां रामवती, पत्नी ममता, पुत्री पिंकी व पुत्र कृष्णा का रो रो कर बुरा हाल है।

# किशोरी को भगाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।कोतवाली पुलिस से नाबालिक युवती को भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार का युवती को बरामद किया ।कस्बे के एक मुहल्ला निवासी 17 वर्षीय किशोरी को कुछ दिन पूर्व भगा कर अपने साथ ले जाने के मामले में वांछित चल रहे कस्बे के मुहल्ला शीतलगंज निवासी आरोपित पवन सोनकर को पुलिस ने मंगलवार रात बस स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।साथ ही किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया।कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि किशोरी को वन स्टाप सेंटर भेजा गया है।वही को न्यायालय में पेश किया गया, जहा से जेल भेजा गया है।

# स्वास्थ्य शिविर जांच कैंप का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। बुधवार को उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण कंट्रोल सोसाइटी लखनऊ एवं जिला क्षय रोग अधिकारी के आदेशानुसार आज सामुदायिक स्वास्थ्य पुरवा की टीम द्वारा आईसीटीसी सेंटर से महेश कुमार के द्वारा ग्राम मिजार्पुर में स्वास्थ्य शिविर जांच कैम्प लगाया गया जहां विलेज हेल्थ न्यूट्रिशियन डे में जाकर सत्र पर आई सभी गर्भवती महिलाओं ओर जनरल लाभार्थियों को रोग फैलने और बचाव के कारण बताए गए और सामाजिक लांछन और भेदभाव को दूर कर समानता व्यवहार लाने की बात गयी। सभी गर्भवती महिलाओं की होने वाली जांचों के बारे में बताया गया ओर सभी को जांच कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया आज के जागरूकता प्रोग्राम में अंजिता और आशा कुमुद अवस्थी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरला देवी व लाभार्थी सुशीला, चांदनी, मोनी, बिन्नअंशिका ,गरिमा, सोनी,सुनीता शिवांगी वंदना आदि मौजूद रही।

# समाजसेवी ने विधालय को भेट किया बैटरी व इन्वेंटर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा प्राथमिक विद्यालय कालूखेड़ा में कमरों में अंधेरा होने से बच्चों को पढ़ने में कठिनाई हो रही थी समस्या को देखते हुए समाजसेवी सुजीत भैया ने आगे हाथ बढ़ाया प्राथमिक विद्यालय कालूखेड़ा की प्रधान अध्यापिका गरिमा सिंह ने समाजसेवी सुजीत भइया को विद्यालय की समस्या अवगत कराया अंधेरे की समस्या को देखते हुए सुजीत भइया ने विद्यालय में इनवर्टर और बैटरी की व्यवस्था कर विद्यालय में प्रकाश की व्यवस्था कर दी इस पहल से विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सुजीत की भूरि भूरि प्रशंसा की वहीं विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं ने करतल ध्वनि से अभिनंदन किया विद्यालय में इनवर्टर बैटरी की व्यवस्था देने के लिए अभिभावकों ने भी धन्यवाद ज्ञापित किया समाजसेवी सुजीत ने अपने संबोधन में कहा कि मैं भी इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की है मुझे इस विद्यालय से बहुत प्रेरणा मिली है मैं विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से कहना चाहता हूं कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने गुरुजनों की आज्ञा का पालन करें और जो अभिभावक है वह अपने बच्चों को पढाने में कोई कसर न छोड़ें चाहे उन्हें अपना पेट काटकर पढ़ना पड़े वहीं शिक्षकों से अपील की वो भी पूरी ईमानदारी के साथ बच्चों को पढ़ाये जिससे इस विद्यालय का नाम रोशन हो सके इस मौके पर सहायिका श्रीमती सीमा, श्रीमती प्रगति के अलावा अरुण बाजपेई, शैलेंद्र सुभेन्द्र, पप्पू, सत्रोहन, पप्पू सिंह, प्रबल सिंह पप्पन अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## मंदिर परिसर में शिवभक्तों ने किया भंडारे का आयोजन


अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।मियागंज विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नौहाई बुजुर्ग स्थित महुवा बाबा मंदिर में बुधवार को शिव भक्तों द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व, शिव भक्तों ने महुवा बाबा के मंदिर में हवन-पूजन किया।इसके बाद विधि-विधान से आरती की गई और महुवा बाबा को भोग लगाया गया। भोग लगाने के पश्चात, भंडारे का प्रसाद वितरण शुरू हुआ।प्रसाद पाने के लिए गांव के लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए भक्तों की भी भारी भीड़ उमड़ पड़ी।प्रसाद में आलू-कद्दू की सब्जी, छोला-चावल, रायता, पूरी और बूंदी का विशेष वितरण किया गया।इस भंडारे के आयोजन में मुख्य रूप से राज सिंह, गौरव सिंह, अमित सिंह, नितिन सिंह, आकाश सिंह, हरिओम सिंह, रंजीत सिंह, कपिल सिंह, राजेश सिंह और महंत जी सहित अन्य शिव भक्तों ने सहयोग किया।

# खेत में दवा लगाते समय किसान की मौत

### परिजनों ने तीन बच्चों के पालन-पोषण के लिए मुआवजे की मांग की

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, खेत में दवा लगाते समय एक किसान की मौत हो गई।मृतक की पहचान जैतीपुर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी 40 वर्षीय अमोल के रूप में हुई है। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।अमोल अपने पीछे पत्नी राधिका और तीन बच्चों को छोड़ गए। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। अमोल के पास एक बीघा खेत था और वह मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। मंगलवार दोपहर अमोल अपने एक साथी के साथ अपने खेत पर दवा लगाने गए थे, जो उनके घर से लगभग एक किलोमीटर दूर है।बताया गया है कि जब उनका साथी दवा लगा रहा था, तब अमोल बैठ गए।इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन खेत पहुंचे और अमोल को अस्पताल ले गए, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिवार ने बच्चों के पालन-पोषण के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है।उन्होंने कहा कि अमोल के पास एक बीघा खेती है ।उतनी खेती से परिवार का खर्च नही चल पाता था। अमोल इसके अलावा मेहनत मजदूरी करते थे।जिससे परिवार का खर्च चलता था।

# राजपाल के भाई ने सोनू सूद के दावों को नकारा

### शाहजहांपुर में बोले- किसी ने आर्थिक मदद नहीं की, खाते में 1 रुपया नहीं आया

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, चेक बाउंस में तिहाड़ जेल गए एक्टर राजपाल यादव का मामला तूल पकड़ने लगा है। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि राजपाल की मदद के लिए सोनू सूद और तेज प्रताप यादव समेत कई हस्तियां सामने आई हैं। हालांकि राजपाल के बड़े भाई श्रीपाल यादव ने इन खबरों का खंडन किया है। राजपाल यादव मूलरूप से उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। यहां उनका कुंडरा गांव में आलीशान घर है।एक साल पहले ही उनके पिता नौरंग लाल का दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया था।जिसके बाद वे जनवरी 2025 में पिता के अंतिम संस्कार के लिए शाहजहांपुर आए थे।राजपाल यादव ने 2010 में एक फिल्म बनाने के लिए प्राइवेट कंपनी से 5 करोड़ रुपए का लोन लिया था।फिल्म फ्लॉप रही और समय पर कंपनी को भुगतान नहीं कर सके। कंपनी ने 2018 में केस कर दिया। इसी मामले में राजपाल यादव को जेल हुई है। अब हाईकोर्ट ने राजपाल यादव को अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया है। अब पढ़िए श्रीपाल यादव से खास बातचीतः अगर मदद की है तो बताएं पैसा कहां दियाः श्रीपाल ने कहा- जो व्यक्ति राजपाल का अकाउंट संभालते हैं, उन्होंने भी किसी आर्थिक सहायता के आने की पुष्टि नहीं की है। अगर किसी ने मदद की है, तो पैसा कहां दिया गया? किसे दिया गया? इसकी जानकारी परिवार को क्यों नहीं है? अगर वास्तव में किसी ने सहायता की है तो परिवार उनका आभारी रहेगा, लेकिन अगर केवल सोशल मीडिया पर बयानबाजी हो रही है तो यह गलत है। मेरा भाई मेहनत कर रहा है, भीख नहीं मांग रहाः भावुक होते हुए श्रीपाल ने कहा कि मेरा भाई बॉलीवुड में मेहनत कर रहा है, भीख नहीं मांग रहा।

## सम्पादकीय

# ट्रेड डील में किसानों और घरेलू उद्योगों के हित सुरक्षित

भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (ट्रेड डील) ने देश में कृषि और घरेलू उद्योग के लिए राहत दी है। इस ऐतिहासिक समझौते में भारतीय किसानों की प्रमुख फसलें, डेयरी उत्पाद और पोल्ट्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। गेहूं, चावल, तिलहन, आलू, मसाले, मक्का, सोयाबीन, आटा और एथनॉल जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद समझौते के दायरे से बाहर रखे गए हैं। इसके साथ ही पोल्ट्री और चिकन का आयात भी प्रतिबंधित किया है, जिससे घरेलू पोल्ट्री उद्योग को कोई नुकसान नहीं होगा। विशेषज्ञों के अनुसार यह समझौता एक प्रकार का 'लेबर ऑफ लव' है यानि एक ऐसा प्रयास, जो रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ दिल से और पूरी मेहनत से किया गया है। इसमें किसी तरह की मजबूरी नहीं थी। इस दृष्टिकोण ने यह सुनिश्चित किया कि भारत ने अपने किसानों और घरेलू उद्योगों के हितों से कोई समझौता नहीं किया। सबसे बड़ी सफलता यह है कि समझौते में भारतीय किसानों की मुख्य फसलें और डेयरी उद्योग पूरी तरह सुरक्षित रहे। अमेरिका की ओर से एथनॉल और पोल्ट्री को शामिल करने का दबाव था, लेकिन भारत ने अपने किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका समावेश नहीं किया। यह ध्यान देने योग्य है कि अमेरिका से आने वाली मक्का और सोयाबीन जेनिटिकली मोडिफाइड हैं, जिन्हें भारत में अनुमति नहीं है। यदि पोल्ट्री और चिकन को भारत में आयात करने की अनुमति मिलती, तो घरेलू उद्योगों और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। साथ ही, चाय, नारियल (खोपरा) और दक्षिण भारत के अन्य किसानों से जुड़े उत्पादों को भी समझौते से बाहर रखा गया। तंबाकू को भी शामिल नहीं किया गया। यह दर्शाता है कि भारत ने अपनी कृषि और घरेलू उद्योग की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस ट्रेड डील का महत्व केवल किसानों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह भारत की दीर्घकालिक रणनीति और ऊर्जा सुरक्षा को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बावजूद भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक खरीद नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। गोयल ने कहा कि अमेरिका से अब 500 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का सामान खरीदना आसान होगा, जिससे भारत वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त कर सकेगा। इस ट्रेड डील की तुलना पहले हुए ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और यूरोपीय यूनियन के व्यापार समझौतों से की जा सकती है। इनमें भी किसी देश को भारतीय कृषि और डेयरी से जुड़े उत्पाद निर्यात करने की अनुमति नहीं दी गई। अमेरिका को केवल पिस्ता, काजू, बादाम और कुछ फलों का निर्यात करने की अनुमति मिली है, जिसका आम किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका कृषि और पोल्ट्री में दुनिया का बड़ा उत्पादक है। यदि इनका आयात भारत में खुल जाता, तो घरेलू उद्योग और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। इसे ध्यान में रखते हुए भारत ने स्पष्ट रूप से सीमा तय की और किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। मार्च तक समझौते पर अंतिम हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता संतुलित, रणनीतिक और किसानों के हित में किया गया एक कदम है। यह समझौता न केवल व्यापार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# भारत से कारोबार के लिए बेताब दुनिया

**भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग-कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है।**

यकीनन इस समय दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत से व्यापार समझौते के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में 5 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा कि इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व व्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे।

भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग- कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए व्यापार समझौते सहित अन्य व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है। इस समझौते से जहां कई क्षेत्रों में भारत से अमेरिका को निर्यात बढ़ेंगे, वहीं भारत में निवेश भी बढ़ेंगे। इस समझौते से दुनिया के लिए मेक इन इंडिया, डिजाइन इन इंडिया और इनोवेट इन इंडिया का अभियान तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका के द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी किया गया है और रूस से तेल खरीदी के मद्देनजर दंडात्मक रूप में भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को हटा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले माह 27 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित भारत ईयू के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ऊर्सला वान डेर लायन की उपस्थिति में भारत-ईयू के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का ऐलान किया गया। इस एफटीए पर आधिकारिक हस्ताक्षर लगभग छह महीने बाद होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का शानदार उदाहरण है और भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। ऊर्सला ने इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी (मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स) कहते हुए यह रेखांकित किया कि दुनिया के वर्तमान 'ग्रोथ सेंटर' और इस सदी के आर्थिक पावर हाउस भारत के साथ यह एफटीए यूरोप को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते आर्थिक क्षेत्रों में पहली बढ़त दिलाएगा। साथ ही यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित होने वाला एफटीए होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस एफटीए से दो अरब लोगों का एक साझा बाजार तैयार होगा और यह संयुक्त बाजार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करेगा। निश्चित रूप से इस एफटीए ने अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बीच भारत और



ईयू को नई रणनीतिक गोलबंदी के साथ व्यापारिक संबंधों को नई दिशा दी है। गौरतलब है कि भारत-ईयू एफटीए के लिए बातचीत 2007 में शुरू हुई थी, लेकिन 2013 में यह वार्ता रुक गई। जून 2022 में वार्ता फिर से शुरू की गई थी, जो अब अंजाम तक पहुंची है। यह बात महत्वपूर्ण है कि यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारत और यूरोपीय संघ एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार हैं, क्योंकि दोनों मूल्य श्रृंखला के अलग-अलग स्तरों पर काम करते हैं। भारत प्रमुखतया श्रम-प्रधान और प्रसंस्करण आधारित वस्तुओं का निर्यात करता है, जबकि यूरोपीय संघ प्रमुखतया पूंजीगत वस्तुओं, उन्नत प्रौद्योगिकी और औद्योगिक उत्पादों की आपूर्ति करता है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और 27 देशों के संगठन ईयू के बीच वस्तुओं और सेवाओं में कुल व्यापार 190 अरब डॉलर से अधिक का रहा है। पिछले वित्त वर्ष में दोनों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 136.53 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर और आयात 60.68 अरब डॉलर था। इसके अलावा, यूरोपीय संघ भारत में एक बड़ा निवेशक भी है, जिसका अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक संचयी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करीब 117.4 अरब डॉलर रहा है। यदि हम भारत-ईयू एफटीए को देखें तो पाते हैं कि इससे भारत और यूरोपीय संघ के छात्रों, मौसमी कामगारों, शोधकर्ताओं और उच्च कुशल पेशेवरों की आवाजाही को सुगम बनाने, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक गतिशील ढांचे को आकार मिला है। यह एफटीए भारत-ईयू व्यापार के लिए महज एक व्यापार का रणनीतिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि आर्थिक पुनर्व्यवस्था के रूप में भारत और ईयू दोनों के लिए व्यापारिक जोखिम को पुनर्संतुलित करने और बदलते वैश्विक व्यापार वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर देने वाला चमकीला दस्तावेज है। इस एफटीए के तहत दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाली 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क शुरुआत से ही कम या समाप्त कर देंगे, जबकि कुछ अन्य वस्तुओं पर इसे आगामी वर्षों में चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा।

यह एफटीए व्यापार, निवेश, स्वच्छ और हरित ऊर्जा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और रक्षा, डिजिटल पहलों, कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष और कृषि के क्षेत्रों में आपसी प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह वस्तुओं, सेवाओं के व्यापार और नियमों पर केंद्रित है,लेकिन निवेश संरक्षण और जीआई जैसे मुद्दे अलग से सुलझाए जाएंगे। निसंदेह विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक मुख्य स्तंभ है और इससे सहयोगी अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्मार्ट ग्रिड, जल, टीके, आईसीटी, ध्रुवीय विज्ञान और यूरोपीय अनुसंधान परिषद के साथ काम करने वाले युवा वैज्ञानिकों की गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में नया सहयोग मिलेगा। अंतरिक्ष सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक महत्वपूर्ण आयाम है, जो दशकों के तकनीकी सहयोग और बढ़ते संस्थागत जुड़ाव पर आधारित है। ईयू के अलावा अन्य देशों के साथ भारत के एफटीए भारत की आर्थिक तस्वीर को नया रूप देंगे। अब भारत के द्वारा विभिन्न देशों के साथ एफटीए के अधिकतम लाभ उठाने के लिए घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, एफटीए के लिए जागरूकता बढ़ाने, गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करने, सेवा क्षेत्र का लाभ उठाने, निर्यात में विविधता लाने, कृषि और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करने, व्यापार संतुलन को भारत के पक्ष में लाना होगा। उम्मीद करें कि अमेरिका, ईयू और अन्य देशों के साथ भारत के व्यापार समझौते भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार देंगे और भारत विकसित देश बनने की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

## जानकी जयंती

श्वेता गोयल



# आधुनिक युग में माता सीता की प्रासंगिकता और नारी सम्मान

भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक चेतना में माता सीता केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं बल्कि त्याग, समर्पण, धैर्य, करुणा, असीम पवित्रता और नारी मर्यादा की ऐसी जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो युगों-युगों से नारी शक्ति को परिभाषित करती आई हैं। उनका जीवन हमें यही सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां चाहे कितनी ही कठोर क्यों न हों, यदि मन में धर्म, संयम और आत्मविश्वास अडिग हो तो जीवन की हर अग्निपरीक्षा सार्थक बन जाती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाने वाली जानकी जयंती, जिसे सीता अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है, इसी आदर्श जीवन दर्शन का उत्सव है। यह पर्व माता सीता के पृथ्वी पर प्राकट्य का स्मरण कराता है और नारी शक्ति के उस स्वरूप को प्रणाम करता है, जिसने प्रेम, सहनशीलता और मर्यादा को जीवन का आधार बनाया। इस वर्ष जानकी जयंती 9 फरवरी को मनाई जा रही है। उदया तिथि की मान्यता के अनुसार, 9 फरवरी को ही व्रत, पूजन और साधना करना शास्त्र सम्मत और श्रेष्ठ माना गया है। माता सीता के प्राकट्य की कथा भारतीय परंपरा की सबसे दिव्य और अर्थपूर्ण कथाओं में से एक है। रामायण के अनुसार मिथिला में एक समय भयंकर अकाल पड़ा था। ऋषियों के परामर्श पर मिथिला के राजा जनक ने स्वयं हल चलाने का संकल्प लिया, जिससे धरती माता प्रसन्न हों और वर्षा हो। जब राजा जनक खेत जोत रहे थे, तब हल का अग्र भाग, जिसे 'सीत' कहा जाता है, धरती में गड़े एक स्वर्ण कलश से टकराया। उस कलश से एक दिव्य, तेजस्वी और अनुपम सौंदर्य से युक्त कन्या प्रकट हुई। निःसंतान राजा जनक ने उस कन्या को ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार किया। हल के अग्र भाग से उत्पन्न होने के कारण उनका नाम सीता पड़ा, राजा जनक की पुत्री होने के कारण वे जानकी कहलाई और धरती से जन्म लेने के कारण उन्हें भूमिजा कहा गया। इस प्रकार माता सीता का जन्म स्वयं प्रकृति और धर्म के मिलन का प्रतीक बन गया। माता सीता का संपूर्ण जीवन त्याग और धैर्य की जीवंत मिसाल है। राजमहल की सुख-सुविधाओं को त्यागकर उन्होंने वनवास स्वीकार किया; अपहरण, अकेलापन, लोकापवाद और कठिन परीक्षाओं को सहन किया, फिर भी अपने चरित्र, आत्मसम्मान और धर्म से कभी विचलित नहीं हुई। वे केवल भगवान राम की अर्धांगिनी नहीं बल्कि उनके धर्मपथ की सहचरी और नैतिक भी शक्ति थी। जानकी जयंती का पर्व इसी स्त्री शक्ति, आत्मबल और मर्यादा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है।

धार्मिक दृष्टि से जानकी जयंती का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन माता सीता और भगवान राम की संयुक्त पूजा करने से दांपत्य जीवन में प्रेम, विश्वास और सामंजस्य बढ़ता है। विवाहित महिलाएं इस दिन व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। कुंवारी कन्याओं के लिए यह पर्व विशेष रूप से फलदायी माना गया है क्योंकि माता सीता को आदर्श पत्नी और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि श्रद्धा और नियमपूर्वक किए गए व्रत से योग्य और मनचाहा वर प्राप्त होता है। माता सीता को लक्ष्मी स्वरूप भी माना गया है। उनके पूजन से घर में सुख-समृद्धि, धन-धान्य और स्थायित्व का वास होता है। यह पर्व समाज को संदेश देता है कि स्त्री केवल सहनशील नहीं बल्कि सृजन, संतुलन और शक्ति का मूल आधार है। ज्योतिषीय दृष्टि से भी जानकी जयंती का विशेष महत्व माना गया है। माघ-फाल्गुन संधिकाल में आने वाली इस अष्टमी तिथि पर चंद्रमा और शुक्र ग्रह का प्रभाव प्रेम, सौंदर्य और वैवाहिक सुख को प्रबल करता है। कुछ मान्यताओं में माता सीता को शनि तत्व से भी जोड़ा जाता है, क्योंकि उनका जीवन तपस्या, धैर्य और कर्म का प्रतीक है। इस दिन व्रत और साधना करने से शनि दोष की शांति और मानसिक दृढ़ता प्राप्त होने की आस्था है। जानकी जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि नारी सम्मान, आत्मबल और धर्मनिष्ठ जीवन का उत्सव है, जो हमें स्मरण कराता है कि सच्ची शक्ति बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि आंतरिक धैर्य और सत्य के पालन में निहित है।

# आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित

दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

# चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित

प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिडकी जरूर रखें। लोगों को चाहिए कि जहां गैस गीजर लगा हो वहां हवा बाहर निकलने के लिए जगह होनी चाहिए अर्थात एडजोस्ट फैन बाथरूम में होना चाहिए।

*- महेश काले, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बस्तर की सुंदरता



बस्तर की सुंदरता को देखकर लगता है कि मां दंतेश्वरी ने स्वयं इसे अपने हाथों से सजाया है। जब इस रती में किसान बीज छिड़कते है, तब यह पड़ुम होता है। आम का मौसम आता है, तब यह पंडुम होता है। लोग जीवन को उत्सव के रूप में जीते हैं।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### चिचाकी रेलवे स्टेशन



चिचाकी रेलवे स्टेशन को अब महत्वपूर्ण ट्रेनों से जोड़ा गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है। मेरा निरंतर प्रयास है कि आने वाले समय में और अधिक ट्रेनों का ठहराव चिचाकी रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ हो सके।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### 500 ईवी बसें शुरू



दिल्ली, इलेक्ट्रिक वाहनों की सबसे अधिक संख्या वाला पहला राज्य बन गया है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण में प्रभावी प्रगति हो रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा 500 ईवी बसों और दिल्ली-पानीपत अंतरराज्यीय बस सेवा का शुभारंभ।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### ट्रंप के सामने घुटने टेके




सच्चाई तो ये है कि पिछले कुछ दिनों से मोदी जी परेशान है, क्योंकि एपस्टीन फाइले में मोदी जी से जुड़ी बातें सामने आ गई है। जिसके बाद मोदी जी ने ट्रंप के सामने घुटने टेक दिए और ट्रेड डील कर दी। देश के अन्नदाता, किसानों को बलि चढ़ा दिया।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# किम पेश कर सकते हैं पांच वर्षों की रणनीति

उत्तर कोरिया इस महीने के अंत में एक बड़ा पार्टी सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है, जिसमें नेता किम जोंग उन अगले पांच वर्षों के लिए देश की घरेलू और विदेश नीति की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' का यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम तेज किए हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस के साथ उसके रिश्ते और गहरे हुए हैं, लेकिन इससे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ उसका तनाव भी बढ़ गया है।



## ऑफ बीट

# जीवाश्मीकृत उल्टी से पुराने शिकारी के आहार का पता चला

यह जीवाश्म हड्डियों के एक सघन समूह के रूप में है। ब्रॉमाकर स्थल पर इससे पहले इस तरह का हड्डियों का जमाव कभी नहीं मिला था, जिससे संकेत मिलता है कि इन अवशेषों को किसी शिकारी ने निगला था और बाद में या तो मल के रूप में या फिर उगलकर बाहर निकाला था। कोप्रोलाइट (जीवाश्मीकृत मल) के मामलों में हड्डियों के अवशेष आम तौर पर कार्बनिक मूल की एक स्पष्ट तलछटी संरचना (मल पदार्थ) के भीतर संरक्षित पाए जाते हैं, जो फॉस्फोरस से समृद्ध होती है और हड्डियों के पाचन से जुड़ी जीवाणु गतिविधि का परिणाम होती है। हालांकि, इस नमूने में



## संक्षेप

### 13 फरवरी को 15 किमी की पदयात्रा

**अमेठी में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत होगी यात्रा**

अमेठी, कांग्रेस के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत तिलोई विधानसभा में 13 फरवरी 2026 को 15 किलोमीटर लंबी पदयात्रा आयोजित की जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से अमेठी के कांग्रेस कार्यालय के राजीव गांधी सभागार में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। इसमें 40 सदस्यीय टीम के साथ जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, फ्रंटल संगठनों, विभागों और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्तावित पदयात्रा की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। यह पदयात्रा तिलोई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होगी, जिसका उद्देश्य गांव-गांव जाकर मनरेगा के मुद्दे पर जन जागरूकता फैलाना है। पदयात्रा के दौरान ग्राम पंचायतों में चौपालें, बाजार-हाट में नुक्कड़ सभाएं और जिला एवं तहसील मुख्यालय पर समापन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पदयात्रा का रूट चार्ट लगभग तैयार कर लिया गया है। पदयात्रा तिलोई विधानसभा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अहोरवा भवानी से शुरू होगी। यह शिव रिसॉर्ट पनहौना, जयनगरा, फत्तेपुर, इस्लामगंज होते हुए मऊ मेडिकल कॉलेज के मार्ग से तिलोई पहुंचेगी। इसके बाद पदयात्रा का समापन मोहनगंज में किया जाएगा।जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को लगातार कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ जन-जन की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। सिंघल ने सभी कांग्रेसजनों से एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

### बीयर ठेके के पास युवक का शव मिला

**जंगली जानवरों ने चेहरा नोंचा, ज्यादा नशे में गिरने की आशंका**

अमेठी, शीतलागंज बाजार में एक बीयर ठेके के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक का चेहरा जंगली जानवरों द्वारा नोंचा हुआ पाया गया। यह घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के शीतलागंज बाजार की है। आज सुबह नोहरी का पुरवा पुन्नपुर गांव निवासी 35 वर्षीय विकास वर्मा पुत्र बेचूलाल का शव बीयर ठेके के पास पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही संग्रामपुर थाना प्रभारी संजय सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ संजय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक शराब का आदी था और संभवतः शराब के नशे में गिरने से उसकी मौत हुई है। एसओ ने यह भी बताया कि अंधेरा होने के कारण किसी जानवर ने मृतक के चेहरे को नोंच लिया था। पुलिस मामले की

# त्यौहार हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं, इन्हें आपसी भाईचारे, सौहार्द के साथ मनाएं: मोनालिसा जौहरी

## कोतवाली नानपारा में पीस कमेटी की बैठक



अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। आगामी त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत आज उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में कोतवाली नानपारा परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह, थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह सहित थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान, धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्पष्ट रूप से कहा कि त्यौहार हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और इन्हें आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था के दायरे में रहकर मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश अथवा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम ने ग्राम प्रधानों एवं धर्मगुरुओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अप्रमाणित सूचनाओं पर ध्यान न दें। उन्होंने निर्देशित किया कि जुलूस, शोभायात्रा अथवा अन्य धार्मिक कार्यक्रम पूर्व निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही आयोजित किए जाएं तथा ध्वनि प्रदूषण के नियमों का पूर्णतः पालन किया जाए। क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह ने भी सभी से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं। बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया। उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की सक्रिय पहल एवं सख्त प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्पष्ट है कि नानपारा तहसील प्रशासन आगामी त्यौहारों को लेकर पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है। प्रशासन की सजगता एवं समन्वयात्मक प्रयासों से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित होना तय है।

# कैसरगंज तहसील में वृहद विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर आयोजित



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के तत्वावधान में बुधवार को तहसील परिसर कैसरगंज में वृहद विधिक सहायता एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। शिविर में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग सहित अन्य कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों पर निर्धन वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाएं, बच्चे, श्रमिक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई।कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं को संबंधित विभागों ने मौके पर सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। साथ ही, जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक परामर्श भी उपलब्ध कराया गया।एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह एवं तहसीलदार मीणा गौड़ ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।शिविर की मुख्य अतिथि न्यायिक अधिकारी प्रिया कुमारी राय रहीं। उनके आगमन पर अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने मनाई पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष की जयंती



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह नें सैंकड़ो जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं की मौजूदगी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बनाई।आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष का सपना था कि देश और सुदूर गांवों का विकास एक-दूसरे से जुड़ा है और इसे उद्देश्य की दिशा में परम श्रद्धेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विकास पुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। उन्होंने ने कहा कि जब तक गांवों का उत्थान नहीं होगा, तब तक देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही विकास योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पंडित दीनदयाल के जीवन पर चर्चा करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके संकल्प को आगे बढ़ाने का प्रण लिया। इस अवसर पर विकास सिंह, दुर्गेश सिंह, दस्तगीर आलम, छेदा खान, राजेश सिंह, अमित पाठक, रमाकांत तिवारी, आनंद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, सनसनी

## हत्या की आशंका, जांच मे जुटी रुपईडीहा पुलिस



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। थाना रूपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजना के मौजा मनवरिया में बुधवार को एक युवक का शव गेहूँ के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बहराइच भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान जमीन अली पुत्र रहीम (उम्र लगभग 38 वर्ष), निवासी मौजा मनवरिया, ग्राम पंचायत सहजना के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि जमीन अली सुबह करीब 7 बजे शौच के लिए घर से निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान दोपहर करीब दो बजे गांव के दक्षिण दिशा में तालाब के पास स्थित गेहूँ के खेत में उसका शव पड़ा मिला।

परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक के पीठ के निचले हिस्से में चोट के निशान पाए गए हैं, जबकि हाथ और पैरों पर रस्सी से बांधने के निशान भी देखे गए हैं, जिससे घटना को संदिग्ध माना जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

# वांछित चोर गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद किया माल

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर पुलिस ने चोरी के एक मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया है। मामला मु0अ0सं0 44/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से संबंधित है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष संजीव चौहान के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान ढोढे गुप्ता पुत्र मेवालाल निवासी जोलाहनपुरवा दा0 हरदो पट्टी थाना हरदी जनपद बहराइच के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिए रवाना कर दिया।



गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक दीपक सिंह, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार सिंह, कांस्टेबल राहुल सिंह व कांस्टेबल जयप्रकाश शामिल रहे।

# 59वीं वाहिनी एसएसबी की बड़ी सफलता

## नाबालिग बालिका को सीमा पार ले जाने का प्रयास विफल



अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। कैलाश चन्द रमोला, कमांडेंट, 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कुशल नेतृत्व में बीओपी मुर्तिहा पर तैनात सतर्क जवानों द्वारा निर्धारित फ्रिस्किंग प्वाइंट पर एक 19 वर्षीय नेपाली नागरिक को एक 17 वर्षीय भारतीय नाबालिग बालिका के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में रोका गया।

प्राथमिक पूछताछ के दौरान मानव तस्करी की आशंका के दृष्टिगत दोनों से गहन पूछताछ की गई। जांच में पाया गया कि दोनों एक-दूसरे को जानते थे तथा नेपाली युवक नाबालिग बालिका को विवाह का प्रलोभन देकर नेपाल ले जाने का प्रयास कर रहा था। आगे की पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि बालिका के अभिभावकों को उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी नहीं थी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बालिका के अभिभावकों से तत्काल संपर्क स्थापित किया गया। तत्पश्चात आवश्यक वैधानिक कार्रवाई हेतु नेपाली नागरिक एवं नाबालिग बालिका को पुलिस थाना मुर्तिहा के सुपुर्द कर दिया गया।

59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्रों में मानव तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु पूर्ण सतर्कता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# सोनालिका लकी ड्रा में बृजेश कुमार ने जीती रॉयल एनफील्ड बुलेट

## एसी, डिनर सेट व मोबाइल फोन भी निकले पुरस्कार



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। सोनालिका ट्रैक्टर कम्पनी द्वारा बुधवार को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड में 4 अगस्त 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक डीलरों द्वारा बेचे गए ट्रैक्टरों के ग्राहकों हेतु विशेष लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक डीलरशिप पर किया गया।इसी क्रम में एस बी एस आनन्द ट्रैक्टर, कैसरगंज पर आयोजित लकी ड्रा में ग्राहकों की किस्मत चमक उठी। फर्म के ग्राहक बृजेश कुमार निवासी कहरई, कैसरगंज (बहराइच) को प्रथम पुरस्कार के रूप में रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल प्राप्त हुई। बुलेट निकलते ही कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अन्य विजेताओं में बाबूराम पुत्र जोगी, निवासी मंझारा तौकली को एसी एयर कंडीशनर), प्रदीप कुमार पुत्र वबुरी, निवासी मंझारा तौकली को डिनर सेट,तथा सुमई निवासी ग्राम सिदरखा को मोबाइल फोन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इसी क्रम में मंझारा तौकली निवासी एक ग्राहक द्वारा सोनालिका डीआई-55 ट्रैक्टर की नई खरीद भी की गई, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया।इस अवसर पर कम्पनी के डिप्टी एरिया मैनेजर संदीप सिंह, डीलर दिपान्शु सोनी, रीतेश श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव तथा सेल्स टीम के सदस्य राहुल श्रीवास्तव, लवकुश वर्मा, अरविन्द यादव, राजेन्द्र प्रसाद व नितिन सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# खंभा गिरने से मौत, विधवा को मुआवजा

## लोक अदालत ने 5.20 लाख रुपये और 6 प्रतिशत ब्याज देने का दिया आदेश




अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर,विद्युत खंभा गिरने से हुई मौत के मामले में स्थायी लोक अदालत ने मृतक की विधवा के हक में फैसला सुनाया है। अदालत ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, 10 हजार रुपये शारीरिक व मानसिक कष्ट के लिए और 10 हजार रुपये वाद व्यय के रूप में एक महीने के भीतर भुगतान करने का आदेश दिया है। यह घटना 15 अगस्त 2018 को हुई थी, जब धंमौर के भाँटी गांव निवासी सोनू की विद्युत खंभा गिरने से मृत्यु हो गई थी। उनकी पत्नी शीला देवी ने 28 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत आवेदन किया था। हालांकि, बीमा कंपनी ने आवेदनमें देरी का हवाला देते हुए शीला देवी के दावे को पंजीकृत डाक के माध्यम से वापस कर दिया था। इसके बाद, शीला देवी ने न्याय के लिए पयगीपुर स्थित स्थायी लोक अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने पीड़िता के दावे की जांच की और घटना को सत्य पाया। इससे पहले, जिलाधिकारी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक निर्णय (रिट याचिका संख्या-15983/20 गौतम यादव बनाम सरकार आदि) के आधार पर आवेदन को समयबद्ध मानते हुए बीमा कंपनी को भुगतान का निर्देश दिया था, लेकिन बीमा कंपनी ने जिलाधिकारी के आदेश का पालन नहीं किया। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने अपने फैसले में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को कुल 5 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि एक महीने के भीतर शीला देवी को प्रदान करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि यह आर्थिक सहायता धनराशि वाद प्रस्तुत करने की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा की जाए। यदि विपक्षी कंपनी समय पर भुगतान नहीं करती है।

# लूटकांड में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली

**सर्राफ से 9.60 लाख नकद, 3 किलो चांदी लूटी थी, टीम फुटेज खंगालने में जुटीं**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, देल्हूपुर थाना क्षेत्र में अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर एक सर्राफ से 9.60 लाख रुपये नकद और तीन किलो चांदी की लूट के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस को कोई ठोस सफलता नहीं मिली है। पुलिस टीमें पीड़ित सर्राफ और उसके कारीगर के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार, टोल प्लाजा पार करने के बाद गजेहड़ा जंगल पहुंचने से पहले पीड़ित ने दो बार और उसके कारीगर ने एक बार कार रोककर लघुशंका की थी। यह तब हुआ जब उनके पास भारी मात्रा में नकदी और चांदी मौजूद थी। इसके अलावा, पुलिस जांच के दौरान कार की सीट के नीचे से करीब चार किलो अतिरिक्त चांदी मिली, जिसकी जानकारी पीड़ित ने पहले नहीं दी थी। अमेठी जिले के रामगंज निवासी सर्राफ रितेश मौर्य अपने कारीगर विकास सोनी (जौनपुर निवासी) के साथ प्रयागराज से चांदी खरीदकर कार से घर लौट रहे थे। रात करीब नौ बजे गजेहड़ा जंगल के पास पीछे से बाइक पर आए तीन बदमाशों ने उनकी कार रुकवा ली। आरोप है कि बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनसे 9.60 लाख रुपये नकद और तीन किलो चांदी लूट ली और प्रयागराज की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, सीओ, एएसपी पूर्वी और एसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देर रात तक आसपास के मार्गों और टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन बदमाशों की स्पष्ट पहचान नहीं हो सकी। इन परिस्थितियों को लेकर क्षेत्र में विभिन्न तरह की चचाएं हैं। फिलहाल, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है

# बच्चे की मौत पर परिजनों का हंगामा

## परिजनों ने डेढ़ घंटे तक लखनऊ-वाराणसी हाईवे जाम किया, पुलिस से जमकर नोकझोक



देव सरोज,मृतक

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, एक मासूम की मौत के बाद परिजनों ने हाईवे जाम कर दिया। 13 जनवरी को मासूम घर के बाहर खेल रहा था, तभी वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में उसके शरीर के कई हिस्सों में फ्रैक्चर हो गया था। हाथ में गंभीर चोट आने के कारण ऑपरेशन कराया गया था और उसका पैर भी टूट गया था। एक महीने से मासूम का लगातार इलाज चल रहा था, जिसमें परिजनों के लाखों रुपये खर्च हो चुके थे। अंततः प्रयागराज में इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही आक्रोशित परिजन बच्चे का शव लेकर लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंच गए और घंटों जाम लगा दिया। सचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने का प्रयास करती रही। इस दौरान परिजनों और पुलिस के बीच काफी देर तक तीखी बहस होती रही। परिजनों ने पुलिस पर मुकदमा दर्ज न करने और आरोपी को बचाने का आरोप लगाया। बाद में कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए। इसके बाद परिजन करीब डेढ़ किलोमीटर दूर लालगंज कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने फिर से हंगामा किया। मामला लालगंज कोतवाली का है। भदारी कला गांव के चांदीपुर निवासी धर्मेश सरोज अपने परिवार के साथ रहते हैं। 13 जनवरी को बेटा देव सरोज(9) घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान वह एक सड़क हादसे में घायल हो गए। रविवार रात इलाज के दौरान घायल मासूम की मौत हो गई।सोमवार सुबह करीब 9:15 बजे परिजन बच्चे का शव लेकर हाईवे पर पहुंच गए और सड़क जाम कर दिया। जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूल खुलने का समय होने के कारण स्कूली बसों और यात्री वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# संक्षेप

## फाइलेरिया नियंत्रण को मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन

सोनभद्र। मुख्य चिकित्साधिकारी पीके राय की अध्यक्षता में फाइलेरिया नियंत्रण के लिए मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जनपद सोनभद्र में फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 ब्लॉक केकराही व घोरावल में 10 से 28 फरवरी तक एमडीए आईडीए अभियान चलाया जाना है, एमडीए अभियान के दौरान घर-घर जाकर 2 वर्ष के ऊपर की समस्त आबादी को डीईसी, आईवरमेक्टिन एवं अल्बेन्डाजोल की टैबलेट आयुवर्ग के अनुसार खिलायी जाएगी। दवा खिलाए जाने के लिए कुल 578 टीमें बनायी गयी है, प्रत्येक टीम में 02 सदस्य होंगे, जो सप्ताह के 4 दिन सोमवार, मंगलवार, गुरूवार तथा शुकवार में प्रत्येक दिन लगभग 20 से 25 घरों में (गर्भवती महिला, गंभीर बीमार तथा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर) सभी लोगों को दवा खिलाएंगे। टीम के निरीक्षण के लिए कुल 108 सुपरवाइजर लगाए जाएंगे। प्रत्येक सुपरवाइजर 5 से 6 टीमों का निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम के संचालन के लिए दोनों ब्लाकों पर आईईसी मैटेरियल, ड्रग, चॉक पेन, मार्कर, मीजरिंग टेप इत्यादि उपलब्ध कराया जा चुका है। कार्यकम का उद्घाटन ब्लॉक ककराही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ककराही पर विधायक अनिल मौर्या द्वारा एवं ब्लॉक घोरावल में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोरावल पर उप जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। दोनों ब्लॉकों के प्रत्येक ग्राम प्रधान अपने अपने गांव में स्वयं दवा खा कर कार्यकम का उद्घाटन करेंगे।

## मतदाता सूची में नए पात्र मतदाताओं का नाम कराएं दर्जः डीएम

सोनभद्र। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में ऐसे सभी नए मतदाता, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, उनके नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़े जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि फॉर्म-6 भरवाकर पात्र नागरिकों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी योग्य मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि इस विशेष अभियान को व्यापक और प्रभावी बनाने के लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इसके अंतर्गत एनआरएलएम समूहों से जुड़ी महिलाओं, एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग एवं महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को जागरूक कर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर घर-घर संपर्क, शिविरों एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ा जाए।

# खंड शिक्षा अधिकारी का हुआ स्थानांतरण बीआरसी में सम्मान समारोह आयोजित

## एसआईआर के चलते अमौली में ही सेवा देंगे स्थानांतरित खंड शिक्षा अधिकारी

अमन लेखनी समाचार/ समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर,जनपद के अमौली खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल का बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा हसवा विकासखंड शिक्षा क्षेत्र पर स्थानांतरण हुआ यह सूचना मिलते ही समूचे विकासखंड के शिक्षकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी के पिता वरिष्ठ समाज सेवी सेवानिवृत्त वायु सैनिक व रक्षा मंत्रालय में कार्यरत रहे अधिकारी अंबिका प्रसाद पाल तथा कुशल संचालन परिषदीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा के शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल का विकासखंड के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने माल्यार्पण अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए भव्य स्वागत किया खंड शिक्षा अधिकारी ने भी स्वागत सम्मान से गदगद होकर विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के सभी शिक्षकों के अनुशासन तथा नियमित कार्यशैली पर गर्व महसूस किया वही खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि उनका परिवार देश की सेवा अर्थात वायु सेवा से पूर्व काल से जुड़ा रहा जिससे प्राप्त बुजुर्गों के अनुशासन और अनियमितता की देन से लगभग डेढ़ वर्ष तक शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत होकर शिक्षा जगत को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया जिसके लिए समय-समय पर शिक्षकों कर्मचारियों का अभूतपूर्व सहयोग रहा इस सहयोग से अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र समूचे जनपद पर सर्वोच्च शिखर को निरंतर स्पर्श करता रहेगा इन सभी कार्यों के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों का भी आभार जताया

### पिता के संबोधन से शिक्षक समुदाय की आंखें हुई नम

कार्यक्रम में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी के पिता रक्षा मंत्रालय के पूर्व साइंटिफिक ऑफीसर अंबिका प्रसाद पाल ने अपने सुपुत्र खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल की जीवन शैली के बारे में विस्तृत वर्णन किया उन्होंने अपने संबोधन में बताया की खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल बचपन से ही मेहनत कश तथा अनुशासन प्रिय रहे अपनी मेहनत और जज्बे के कारण वायु सेवा समेत विभिन्न सरकारी पदों पर सेवाएं प्रदान करते हुए देश के बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर करने हेतु श्रवण कुमार पाल ने शिक्षा विभाग को स्वीकार किया जहां नन्हे मुन्ने बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षित करते हुए देश के एक सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने का सार्थक प्रयास आज भी किया जा रहा है जिसके लिए पिता ने अपने पुत्र के ऊपर गौरव महसूस किया संपूर्ण जीवन कथा शैली सुनकर कार्यक्रम में मौजूद सभी शिक्षकों कर्मचारियों की आंखें नम हो उठी वही मिली जानकारी के अनुसार एस आई आर के चलते खंड शिक्षा अधिकारी स्थानांतरित होने के बाद भी अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र पर ही कुछ दिनों तक कार्यान्वित रहेंगे तथा नए क्षेत्र का कार्यभार भी संभालेंगे इस मौके पर एआरपी शिक्षक प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सचान मयंक कटियार मीनाक्ष देव विद्यासागर अशोक कुमार सुशील उत्तम सौरभ वर्मा राजेंद्र सिंह समेत ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह नागेश प्रताप सिंह सुशील कुमार आदि सभी शिक्षक मौजूद रहे

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के कल्यानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिलखनी मोड़ के समीप बिगत दिवस मंगलवार देर रात्रि प्रयागराज मुख्य मार्ग में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार मृतक कल्लू प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति निवासी गांव नौगवां गौतम थाना महाराजपुर कानपुर नगर अपने मौसेरे भाई शालू प्रजापति पुत्र सउनी प्रजापति के साथ बनारस नौकरी करने निकला था दोनों युवक एक गुटखा फैक्ट्री में काम करते थे जो घर से रात करीब 11 बजे बनारस के लिए निकले सिकठिया मोड़ से दोनों युवक ट्रक में सवार हुए जिसमें मृतक कल्लू प्रजापति अत्यधिक नशे की हालत में था ट्रक चालक से गाली गलौज करने लगा जिससे आहत होकर चालक ने दोनों युवकों को कल्यानपुर थाना क्षेत्र के पिलखनी मोड में उतार दिया नीचे उतरने के बाद नशे में कल्लू प्रजापति मुख्य मार्ग हाईवे की तरफ चला गया जिससे अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन ने शव को एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया प्रशासन ने शव का पंचनामा करते हुए शव विच्छेदन गृह फतेहपुर रवाना किया वहीं परिजनों को सूचना दी गई

# कपसाड़ मामले की जेजे बोर्ड में होगी सुनवाई, केस ट्रांसफर

### तीन अधिवक्ताओं के पैनल ने दायर की थी याचिका, वारदात के वक्त नाबालिग था आरोपी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कपसाड़ कांड की सुनवाई अब जुबेनाइल जस्टिस बोर्ड करेगा। दरअसल, इसके मुख्य आरोपी की उम्र से जुड़ी याचिका कोर्ट में डाली गई थी। वादी और प्रतिवादी पक्ष ने अपना अपना दावा पेश किया, जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी के अधिवक्ताओं का दावा मजबूत मानते हुए मामले की सुनवाई जेजे बोर्ड में किये जाने का फैसला सुना दिया। पहले एक नजर पूरे मामले पर मेरठ के सरधना में कपसाड़ गांव है। यहां का रहने वाला एक युवक 8 जनवरी को इसी गांव की दलित युवती को अगवा कर फरार हो गया जाते वक्त उसने विरोध कर रही युवती की मां सुनीता पर बलकटी से हमला किया, जिसमें वह घायल हो गई और बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई।हत्या और अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि दो दिन बाद ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को परिवार की सुपुर्दगी में दे दिया।सर्टिफिकेट में आरोपी नाबालिग कपसाड़ कांड कई दिन तक चचाओं में रहा। इसी बीच तीन अधिवक्ताओं संजीव राणा, बलराम सोम व विजय शर्मा का एक पैनल सामने आया और उन्होंने आरोपी की जन्मतिथि 11-5-2008 बताते हुए मामले की सुनवाई जेजे बोर्ड के अंतर्गत करने की याचिका दायर की। 14 जनवरी को यह याचिका दायर की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार भी कर लिया। एडवोकेट संजीव राणा का दावा है कि इस जन्मतिथि के अनुसार वारदात के वक्त आरोपी की उम्र उम्र 17 साल, 7 महीने, 25 दिन है।

# पेंट गोदाम में आग, दो कारीगर झुलसे

## केमिकल ड्रम फटने से अफरा-तफरी, आग पर पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , टीपीनगर थाना क्षेत्र स्थित मोहकमपुर इलाके में शाम एक पेंट गोदाम में भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखे केमिकल से भरे ड्रमों में धमाके होने लगे।इस हादसे में गोदाम में काम कर रहे दो कारीगर गंभीर रूप से झुलस गए। आग लगने के बाद कुछ ही देर में लपटों ने विकराल रूप ले लिया और धुएं का गुबार दूर-दूर तक फैल गया। केमिकल ड्रमों में हुए धमाकों से आसपास के क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाकों की आवाज सुनकर लोग दहशत में आ गए और मौके पर भीड़ जमा हो गई। हालत खतरे से बाहर हादसे के दौरान गोदाम में काम कर रहे कारीगर सोनू और नीरज आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने तुरंत दोनों घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। केमिकल ड्रम के फटने से लगी आग दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। गोदाम में रखे केमिकल ड्रम एक के बाद एक फटते रहे, जिससे आग पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के लोगों को भी घटनास्थल से दूर हटा दिया गया था। यह गोदाम ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र की सुपरटेक कॉलोनी निवासी अनिल मित्तल का है। गोदाम मालिक अनिल मित्तल ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रही है। थाना प्रभारी अरुण मिश्रा ने जानकारी दी कि घायलों का उपचार जारी है और दमकल विभाग के साथ मिलकर घटना की जांच की जा रही है। वही आग के कारण हुए नुकसान का आकलन भी कराया जाएगा।

# केमिस्ट बोले- व्यापारियों पर नहीं अपराध पर करें वार

### रिटेल केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने अस्सिटेंट ड्रग कंट्रोलर से बताई अपनी परेशानी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा हाल में जारी निदेर्शों के तहत लाइसेंसी दवा विक्रेताओं की व्यापक जांच-पड़ताल की तैयारी को लेकर दवा व्यापारियों में नाराजगी है।इसी क्रम में मेरठ के रिटेल केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने अस्सिटेंट ड्रग कंट्रोलर से अपराध नियंत्रण के नाम पर ईमानदार व्यापारियों को निशाना न बनाने की मांग की।

### कार्रवाई वहीं हो जहां अपराध- गोपाल अग्रवाल

संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने कहा कि यदि प्रशासन अपना समय और संसाधन वर्षों से नियमों का पालन कर रहे लाइसेंसधारी दवा विक्रेताओं की जांच में लगाएगा, तो नशीली, नकली और तस्करी से जुड़े असली अपराधियों पर से निगरानी कमजोर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि क्राइम कंट्रोल की मूल नीति यही है कि जहां अपराध हो, वहीं कार्रवाई हो, न कि हर दुकान और हर व्यापारी को संदेह के घेरे में लिया जाए। कागजी जांच में उलझ रहे व्यापारी गोपाल अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में करीब दो लाख लाइसेंसधारी दवा विक्रेता हैं, जबकि नशीली और नकली दवाओं के कारोबार में लिप्त लोग गिनती के और पहले से चिन्हित हैं। इसके बावजूद यदि पूरे विभाग को हर दुकान और गोदाम की कागजी जांच में उलझा दिया गया, तो अपराधियों को दूसरी दिशा में खुलकर काम करने का मौका मिल जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि गली-गली दवा दुकानों की फाइलें खंगालने के बजाय नकली।

# सुरक्षा का विश्वास, पुलिस का प्रयास-मिशन शक्ति 5.0

साइबर एक्सप्रेस



ललितपुर- मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत दिनांक 09.02.2026 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया

112 -आपातकालीन सेवा

1090 / 1091 - महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181 - महिला हेल्पलाइन

1930 -साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

# सहायक शिक्षिका के पति ने किया सुसाइड

## बैंक गई थी पत्नी, परिजनों ने कहा- बहू बेटे को करती थी टॉर्चर

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सहायक शिक्षिका के पति ने सुसाइड कर लिया। वारदात के समय शिक्षिका किसी काम से अपने डेढ़ वर्ष के मासूम बेटे को पति के पास छोड़कर बैंक गई थी। बेटे की मौत के बाद मौके पर आए परिजनों ने हंगामा कर दिया। उनका आरोप था कि बहू उनके बेटे को टॉर्चर करती थी। पुलिस ने शव मोर्चरी भिजवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पहले जानिए पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विजयनगर में योगेश चंद्रा का मकान है। इस मकान में रजनीश सैनी (40) पुत्र वेदप्रकाश सैनी अपनी पत्नी बबीता और डेढ़ वर्ष के मासूम केशव के साथ किराए पर रह रहे थे। बबीता आरजी इंटर कॉलेज में सहायक शिक्षिका हैं। सुबह करीब 11 बजे वह बैंक गई थी। घर पर रजनीश अपने बेटे केशव के साथ थे। इसी दौरान रजनीश ने दूसरे तल पर बने स्टोर में जाकर फांसी लगा ली। वारदात के वक्त बैंक गई हुई थी पत्नी बबीता ने बताया- वह इन दोनों चाइल्ड केयर लीव पर है। हाल ही में उन्होंने गंगानगर में एक मकान खरीदा है। उसकी रजिस्ट्री होनी थी। वह बैंक पैसे के सिलसिले में गई थी। वहां से बबीता ने पति को फोन मिलाया लेकिन फोन पिक नहीं हुआ। वह अधूरा काम छोड़कर घर आ गई। तार के फंदे पर लटका हुआ था शव देखा बेटा केशव कमरे में सोफे पर अकेला खेल रहा है। पति रजनीश को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। दूसरे तल पर जाकर देखा तो स्टोर अंदर से बंद था। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए। दरवाजा तोड़ा तो अंदर रजनीश का शव फंदे के सहारे लटका था। पत्नी बबीता का रो-रो कर बुरा हाल पति को फंदे पर लटका देख बबीता चीख पड़ी। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी के पति को नीचे उतारो, लेकिन पुलिस केस कहकर लोगों ने मना कर दिया। इसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचित किया गया। कुछ लोगों ने बबीता से रजनीश के परिजनों का नंबर लेकर उन्हें सूचना दे दी। स्कूल की शिक्षिकाएं भी सूचना पाकर घर पहुंच गई और बबिता को संभाला। 3 साल पहले ट्रांसफर लेकर आए थे मेरठ रजनीश और बबीता की लगभग 9 साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद ही बबीता की सहायक शिक्षिका के रूप में नौकरी लग गई और पहली पोस्टिंग बुलंदशहर मिली। जुलाई, 2023 में वह ट्रांसफर लेकर मेरठ आ गई। यहां बबीता को आरजी इंटर कॉलेज मिला। रजनीश की प्राइवेट जॉब करते थे, लेकिन फिर बेटे को संभालने की वजह से उन्होंने नौकरी छोड़ दी।बदहवास माता-पिता, भाई भी खूब रोया रजनीश का परिवार मुजफ्फरनगर के जानसठ का रहने वाला है ।

जबकि बबीता सहारनपुर के देवबंद की है। रजनीश की मौत की सूचना मिलते ही परिवार मेरठ के लिए रवाना हो गया। पिता वेद प्रकाश बिलख बिलख कर रोने लगे और जमीन पर लेट गए। मां निर्मला भी फूट-फूट कर रोने लगी। बड़े भाई अमित का भी बुरा हाल था।

# राजकीय विद्यालय मोहम्मदाबाद में वार्षिकोत्सव संपन्न

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। हथगाम विकास खंड के राजकीय विद्यालय मोहम्मदाबाद में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव बहादुर सिंह यादव रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान मो. आकिब और मो. अकमल मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। छात्रा शिफा ने भाषण दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नारी शिक्षा, नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण, विविधता में एकता और देशभक्ति से जुड़े गीत और नाटक शामिल रहे। विद्यालय की ओर से बच्चों को खेलकूद और पढ़ाई में अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। 100 और 200 मीटर दौड़ में प्रियंका और पवन कुमार ने पहला स्थान हासिल किया। बैडमिंटन सिंगल में शिफा, बैडमिंटन डबल्स में सचिन-आयुष और वजीहा-मिस्बाह ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक इंद्र कुमार और शिक्षक संधीर कुमार, बलवीर कुमार, सोमनाथ और सौरभ कुमार का सहयोग रहा।



# बहेरा सादात में जश्ने कायम की महफि ल, मरहूम शायर आमिर फैजाबादी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

## साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी ने किया प्रोत्साहित

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। खागा तहसील क्षेत्रांतर्गत बहेरा सादात गाँव में जश्ने कायम के अवसर पर एक भव्य महफि ल का आयोजन किया गया, जिसमें मरहूम शायर-ए-अहलेबैत आमिर फैजाबादी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महफि ल का आगाज मौलाना खादिम अब्बास जैदी द्वारा कुरान की तिलावत से किया गया। यह महफि ल आयोजक साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के ऐरायां ब्लॉक अध्यक्ष पत्रकार मोहम्मद अब्बास के मरहूम वालिद सैयद बख्शिश अब्बास और हुसैन अब्बास आब्दी के इसाले सवाब के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, जिसमें देशभर के मशहूर शायर शिरकत करते रहे हैं। इस वर्ष विशेष रूप से मरहूम बेबाक शायर-ए-अहलेबैत और मर्द-ए-मुजाहिद आमिर फैजाबादी की याद में उन्हें मोमेंटो भेंट कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मौजूद समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने आमिर फैजाबादी की अदबी, सामाजिक और अहलेबैत (अ.स.) से जुड़ी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश किया। वक्ताओं ने कहा कि आमिर फैजाबादी सिर्फ. एक शायर नहीं, बल्कि समाज के लिए मोहब्बत, इंसाफ और इंसानी मूल्यों की आवाज थे, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। इस अवसर पर भारतीय हुसैनी सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं मरहूम आमिर फैजाबादी के छोटे भाई मोहम्मद यासिर ने आयोजकों, बानी-ए-महफि ल और बहेरा सादात के समस्त लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस सम्मान और मोहब्बत से उनके भाई को याद किया गया, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आमिर फैजाबादी की सोच और मूल्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बहू-बेटी सम्मेलन का भव्य आयोजन

### महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण को मिली नई दिशा

अमन लेखनी समाचार

पुलिस अधीक्षक निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के उद्देश्य से जनपद भर में बहू-बेटी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत महिलाओं और किशोरियों को साइबर अपराध से बचाव, नारी सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, मानसिक स्वास्थ्य, दहेज मृत्यु, अपहरण जैसी गंभीर घटनाओं की रोकथाम तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शक्ति दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशा बहुओं के सहयोग से गांवों और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सम्मेलनों के माध्यम से महिलाओं एवं परिवारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 181, 1930) तथा महिला सुरक्षा से संबंधित सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्कूलों एवं कॉलेजों में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को अपराध के दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया गया और सकारात्मक सामाजिक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है अ

## संक्षेप

### रोडवेज बस की टक्कर से 7 वर्षीय बालक घायल, चालक मौके से फरार

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम,हरदोई।नगर के हरदोई रोड स्थित सुल्तान कॉम्प्लेक्स के सामने एक रोडवेज बस की टक्कर से 7 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार गुनगुन (7 वर्ष), पुत्र मुकेश कुमार, निवासी ग्राम बसहर, अपनी मां कंचन वर्मा के साथ सेमरा चौराहे से ऑटो द्वारा अपने घर बसहर लौट रहा था।इसी दौरान हरदोई से उन्नाव जा रही रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे बच्चा गिरकर घायल हो गया। घटना को देखकर आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बस को रुकवाया। इसी बीच बस चालक मौका पाकर वहां से फरार हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे की स्थिति सामान्य देखते हुए बस चालक से पूछताछ की और बस को जाने दिया। मामले की आगे की जांच की जा रही है।

### डुमरई प्रीमियर लीग सीजन -2 की विजेता बनी मझगुवां की टीम

#### मुख्य अतिथि रामजी परिहार ने शील्ड और पुरस्कार राशि देकर किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

गरौठा।गरौठा के ग्राम डुमरई में चल रहे डुमरई प्रीमियर लीग सीजन -2 क्रिकेट टूनार्मेंट का मंगलवार को फाइनल मुकाबले के साथ समापन हो गया।टूनार्मेंट का फाइनल मैच मझगुवा और डुमरई की टीम के मध्य खेला गया जिसमें मझगुवां की टीम मैच जीतकर विजेता बनी वही डुमरई की टीम उप विजेता रही समापनकर्ता के रूप में मौजूद मुख्य अतिथि भाजपा नेता रामजी परिहार ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम आयोजक रविंद्र सिंह परिहार (लालजी) ग्राम प्रधान ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन संघर्ष, सादगी और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक -कमलेश मिश्रा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, क्षेत्रीय मंत्री विनोद पटेल एवं एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन सहित पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान को नमन किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने विस्तार से बताया कि क्यों इस दिवस को पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मानती है तथा कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन संघर्ष, सादगी और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक था। उन्होंने भारतीय संस्कृति पर आधारित ह्यएकात्म मानववादह्न का दर्शन प्रस्तुत कर राजनीति को सेवा और नैतिकता से जोड़ने का कार्य किया।पंडित जी का मानना था कि राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है जब व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अंत्योदय की भावना को साकार कर रही है। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी अनेक योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रही हैं।यह पंडित जी के विचारों को धरातल पर उतारने का सशक्त प्रयास है।विनोद पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का साधन माना। उनका ह्यअंत्योदयह्न का सिद्धांत समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान की बात करता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है कि हम राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें।उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आवास योजना, निःशुल्क राशन वितरण, किसान सम्मान निधि का प्रभावी क्रियान्वयन, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की योजनाएं तथा सुदृढ़ कानून-व्यवस्था प्रदेश में समग्र विकास को सुनिश्चित कर रही हैं। यह एकात्म मानववाद के व्यावहारिक स्वरूप का उदाहरण है।जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने अपने समापन भाषण में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संगठन को परिवार के रूप में विकसित किया और कार्यकताओं में राष्ट्र प्रथम की भावना जागृत की। उनका जीवन त्याग और तपस्या का उदाहरण है।उन्होंने हमें सिखाया कि विकास का केंद्र बिंदु समाज का सबसे कमजोर वर्ग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार पंडित जी के सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न के मंत्र पर कार्य कर रही हैं। गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं अंत्योदय और एकात्म मानववाद के मूल भाव को साकार कर रही हैं। यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है।कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता ने किया एवं प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा, पीके वर्मा जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह राजेश अग्निहोत्री एसपी मौर्य संदीप सिंह जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा ओम वर्मा सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ला नीतू चंद्रा मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी कार्यालय मंत्री अतुल सिंह सह मीडिया प्रभारी सत्यम शुक्ला आईटी प्रमुख सौरभ सिंह गौर सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न आनंद मिश्रा व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष विमलेश दीक्षित महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विश्वराज सिंह पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष वेद राम राजपूत एडवोकेट सत्येंद्र मिश्रा आदर्श दीपक मिश्रा नीरज तिवारी सुहाना जैन शोभना सिंह दीपा विश्वास परिषा तिवारी नीरज तिवारी नगर मंडल के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## नींद में मौत का तांडव, सण्डीला के मीतौ गांव में सनसनी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी एक खौफनाक बानगी बुधवार सुबह हरदोई के सण्डीला थाना क्षेत्र में देखने को मिली।जब पूरा गांव भोर की पहली किरण के साथ जागने की तैयारी कर रहा था, तब मीतौ गांव के एक घर में मातम पसर चुका था।52 वर्षीय हुकुम सिंह रोज की तरह अपने जानवरों के पास, गांव के बाहर बने एक छप्पर (गोंड़ा) में सो रहे थे।उन्हें क्या पता था कि जिस छप्पर के नीचे वो बरसों से चैन की नींद सोते आए हैं, वही उनकी अंतिम शैया बन जाएगी। अज्ञात हमलावरों ने अंधेरे का फायदा उठाकर हुकुम सिंह पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार किए। हमला इतना भीषण था कि मृतक को संभलने तक का मौका नहीं मिला।सुबह जब छोटा बेटा अजीत अपने पिता को जगाने पहुंचा, तो वहां का नजारा देख उसकी रूह कांप गई। चारपाई खून से लाल थी और पिता का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था।यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि पुलिसिया इकबाल को सीधी चुनौती है। ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती इस वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या ग्रामीण इलाकों में पुलिस की गश्त केवल कागजों तक सीमित है आखिर एक निहत्थे और सोते हुए व्यक्ति की इतनी बेरहमी से हत्या करने के पीछे क्या मंशा थी मृतक के बड़े पुत्र रंजीत यादव ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सूचना मिलते ही सीओ सण्डीला संतोष सिंह और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अपराध मुक्त प्रदेश के दावों के बीच, सण्डीला की यह 'खून से सनी सुबह' स्थानीय पुलिस के लिए एक बड़ी परीक्षा है।

## हरदोई में बारातियों से भरी बस डंपर से टकराई,अफरा-तफरी में 15 घायल,11 की हालत गंभीर,मेडिकल कॉलेज में भर्ती

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जनपद के बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहजहांपुर हाईवे पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।बेहटा गोकुल गांव के पास बारातियों को लेकर जा रही एक निजी बस ने आगे चल रहे धीमी गति के डंपर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।हादसे के बाद बस में सवार कई यात्री सीटों से उछलकर नीचे गिर पड़े,जिससे बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए।इस दुर्घटना में करीब 15 बाराती घायल हुए हैं, जिनमें 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को एंबुलेंस एवं निजी वाहनों की सहायता से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।चिकित्सकों के अनुसार समय पर उपचार मिलने से फिलहाल सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा बस चालक की लापरवाही के कारण हुआ।दुर्घटना के बाद निजी बस का चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया और फरार चालक-कंडक्टर की तलाश शुरू कर दी है।बताया गया कि बस में करीब 40 से 45 बाराती सवार थे।अरवल थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी दिनेश के पुत्र बादाम की शादी के लिए बारात निजी बस से बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के बहेरा गांव जा रही थी।शादी की खुशियों के बीच यह बारात हादसे का शिकार हो गई।हादसे में घायल हुए लोगों में देवदत्त (65), सदानंद (45), अवधेश पाल (36), जीतू (28), कप्तान सिंह (35), रामकिशोर, बलवीर (30), मान सिंह (45), जबर सिंह (50),जसकरण (45) एवं मुन्नूलाल (65) शामिल हैं।

## भाटनटोला में विकास की लहर: मंशानाथ मंदिर से खुशीराम के मकान तक बनी चमचमाती सड़क, सभासद प्रतिनिधि की कार्यशैली की प्रशंसा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।नगर के मोहल्ला भाटनटोला पूर्वी में आज विकास कार्यों को उस समय नई गति मिली, जब मंशानाथ मंदिर से लेकर खुशीराम के मकान तक हॉटमिक्स डामरीकरण रोड का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। लंबे समय से इस मार्ग के सुधार की प्रतीक्षा कर रहे स्थानीय निवासियों के लिए यह बड़ी राहत लेकर आया है। इस सड़क निर्माण कार्य की खास बात यह रही कि सभासद प्रतिनिधि सेठ अरुण गुप्ता ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर अपनी देख-रेख में पूरा कार्य संपन्न कराया।निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता और मानकों का विशेष ध्यान रखा गया, ताकि मोहल्लेवासियों को एक टिकाऊ और सुगम मार्ग मिल सके। सेठ अरुण गुप्ता की इस सक्रियता और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देख मोहल्ले के लोग बेहद उत्साहित नजर आए।सड़क बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी सुविधा होगी। मोहल्ले के निवासियों ने इस कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में ऐसी ही तत्परता की आवश्यकता है। इस अवसर पर मोहल्ले के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने सड़क निर्माण के बाद एक-दूसरे को बधाई दी।

## डरा-धमकाकर अस्मत से खिलवाड़, सुरसा पुलिस ने दबोचा 'हवस का सौदागर'

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस का कड़ा प्रहार जारी है। सुरसा थाना पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसने न केवल मयार्दा की सीमाएं लांघी, बल्कि जान से मारने की धमकी देकर दहशत का घिनौना खेल खेला।मानवता को शर्मसार करने वाले इस मामले में आरोपी युवक युवती को काफी समय से डरा-धमका रहा था। आरोप है कि उसने युवती को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। दरिंदगी की हदें पार करते हुए आरोपी अमित पीड़िता पर पैसों के लिए भी लगातार दबाव बना रहा था। आखिरकार पीड़िता के साहस और पुलिस की सक्रियता से आरोपी का खेल खत्म हो गया।पीड़िता की शिकायत मिलते ही सुरसा पुलिस तत्काल हरकत में आई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी अमित (निवासी कलौली, थाना कछौना) को दबोच लिया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।इस कार्रवाई के बाद से क्षेत्र के अपराधियों में खौफ का माहौल है। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## महाशिवरात्रि को लेकर थाना ककरवई में हुई पीस कमेटी की बैठक



अमन लेखनी समाचार

ककरवई, झांसी।थाना ककरवई में आगामी पर्व महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में थाना क्षेत्र अंतर्गत होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी ली गई तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा कोई नई परंपरा शुरू न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति अशांति फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप निरीक्षक अशोक सिंह, उप निरीक्षक विजय शंकर मिश्रा, मुंशी आशीष यादव, ग्राम प्रधान ककरवई राजेंद्र कुमार तिवारी, ग्राम प्रधान खरका आत्माराम यादव, ग्राम प्रधान धमनौड सरजू शरण पाठक, हेमंत यादव, राजेश घटियारी, पुष्पेंद्र सिंह सहित समस्त पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त ने हढ़हवा रेलवे लाइन फ्लाइओवर का किया निरीक्षण, गुणवत्ता व समयबद्धता पर दिया जोर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने सोमवार को हढ़हवा रेलवे लाइन पर निमार्णाधीन फ्लाइओवर का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के अधिकारियों, इंजीनियरों तथा संबंधित विभागीय अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने फ्लाइओवर के पिलरों, गार्डर लॉन्चिंग, एप्रोच रोड, जल निकासी व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया।उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग और तकनीकी परीक्षण कराए जाएं, ताकि भविष्य में किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों, संकेतक बोर्ड और सुरक्षा इंतजाम दुरुस्त रखे जाएं।उन्होंने कहा कि फ्लाइओवर के बन जाने से क्षेत्र में जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा, जिससे स्थानीय व्यापार और दैनिक यात्रियों को बड़ा लाभ मिलेगा।उन्होंने कार्यदायी संस्था से निर्माण की निर्धारित समयसीमा की जानकारी ली और प्रगति को और तेज करने के निर्देश दिए।साथ ही, बरसात या अन्य परिस्थितियों को देखते हुए कार्य योजना पहले से तैयार रखने को कहा, ताकि किसी भी स्थिति में परियोजना प्रभावित न हो।निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, परियोजना से जुड़े इंजीनियर और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।मंडलायुक्त ने कहा कि यह परियोजना जनहित से जुड़ी है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाएं और तय समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण।

## तेज रफ्तार ट्रक ने आरओ प्लांट को किया ध्वस्त, कार व बाउंड्री वॉल भी क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र।प्रीतनगर चोपन में नगर पंचायत द्वारा जनहित में लगाए गए आरओ वाटर प्लांट को तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे आरओ प्लांट पूरी तरह ध्वस्त हो गया।हादसे में पास में खड़ी एक कार का शीशा भी टूट गया, वहीं बगल में बनी बाउंड्री वॉल को भी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी एकत्र की।घटना की जानकारी मिलने पर नगर पंचायत चोपन के अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले को संज्ञान में लिया।उन्होंने क्षति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है।लोगों ने मांग की कि जब तक नुकसान की पूरी भरपाई नहीं की जाती, तब तक संबंधित वाहन को छोड़ा न जाए। लोगों ने क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर भी नाराजगी जताई और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा क्षति का आकलन किया जा रहा है।

## भगवान का नाम लेने मात्र से ही मनुष्य का हो जाता है कल्याण - पूजा पाठक

अमन लेखनी समाचार



कचीर, गरौठा।ग्राम कचीर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस वृंदावन धाम से पधारी कथा वाचिका पूजा पाठक जी ने भगवान के नाम की महिमा का विस्तृत वर्णन किया।उन्होंने कहा कि जीवन में पाप मुख्य रूप से आंख और कान के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं, इसलिए मनुष्य को चाहिए कि कानों से भगवान की मंगलमयी कथा का श्रवण करे तथा आंखों से प्रभु की छवि का दर्शन करे। कथा वाचन के दौरान उन्होंने अजामिल प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि अजामिल ने एक दूषित दृश्य देख लिया जिससे उसका पतन हो गया, लेकिन भगवान का नारायण नाम लेने पर उसका कल्याण हो गया। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम किसी भी भाव से लिया जाए, वह सदैव कल्याणकारी होता है। साथ ही उन्होंने भक्त ध्रुव की कथा का भी सुंदर वर्णन किया। कथा के तीसरे दिन अतिथि के रूप में एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन, डॉ. अरुण कुमार मिश्रा (चेयरमैन गरौठा), स्वतंत्र रिछारिया, हरप्रसाद पटेल, पुष्पेंद्र पटेल (भड़ोंखर), मयंक गुप्ता, विकास तिवारी (सिया), नाथूराम यादव (हीरानगर) सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने भागवत महापुराण की आरती उतारी एवं व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी एकता और सद्भावना को मजबूत करते हैं। भागवत कथा के यजमान नीरज एवं विनोद कुमार रहे।कार्यक्रम का संचालन हेमन्त यादव ने किया।इस अवसर पर पं. दिनेश तिवारी (पुजारी), दुर्गेश गौतम (महंत) सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## वेतन न मिलने से कर्मचारियों का फूटा गुस्सा,सुसाइड की कोशिशों के दावों से मचा हड़कंप, सी एम ओ को भेजा पत्र

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की कमान संभालने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे गया है। पिछले कई महीनों से वेतन के भुगतान में हो रही अत्यधिक देरी से क्षुब्ध होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कछौना के समस्त कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरदोई को संबोधित एक ज्ञापन अधीक्षक को सौंपा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।ज्ञापन में कर्मचारियों ने एक अत्यंत संवेदनशील और चौंकाने वाला दावा किया है। उनका कहना है कि वेतन न मिलने के कारण उत्पन्न हुई गंभीर आर्थिक तंगी से व्यथित होकर कुछ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया है। कर्मचारियों का आरोप है कि विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली ने उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से पूरी तरह तोड़ दिया है।कर्मचारियों के अनुसार, प्रदेश के लगभग 40 जिलों में दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 का वेतन फरवरी के मध्य तक भी नहीं मिल पाया है। यह समस्या नई नहीं है; जुलाई 2025 से कर्मचारी लगातार इस संकट से जूझ रहे हैं। उन्हें हर बार दो महीने का वेतन तीसरे महीने में दिया जा रहा है, जिससे उनके घर का बजट और जरूरी खर्च पूरी तरह चरमरा गए हैं। कर्मचारियों ने कहा कि जब भी वे विभाग से संपर्क करते हैं, तो उन्हें 'नया पोर्टल अपडेट होने का बहाना थमा दिया जाता है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि यदि कोई तकनीकी समस्या है, तो विभाग को वैकल्पिक रास्ता अपनाकर समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अर्पित कुमार पटेल, आदर्श कुमार एलटी, गौरव त्रिपाठी, आशीष सिंह गौर, पंकज कुमार, राजेश कुमार, पूजन गुप्ता, राखी देवी, डॉक्टर करण सिंह, अनिल कुमार, पूजा सिंह, रवीना देवी सहित दर्जनों कर्मचारी शामिल रहे। सभी ने एक सुर में प्रशासन को आगाह किया है कि कर्मचारियों के जीवन से खिलवाड़ बंद किया जाए और तत्काल मानदेय जारी किया जाए।

## हरपालपुर ब्लॉक में सीडीओ का निरीक्षण,कई सचिवो को फटकार लगाई

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई।मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा ने बुधवार को हरपालपुर ब्लाक का निरीक्षण कर विकास कार्यों की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान मनरेगा सेल,प्रधानमंत्री आवास योजना, एडीओ पंचायत कार्यालय, एमआरएनएल कार्यालय व मनरेगा संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की। सीडीओ ने कार्यालयों में रखी फाइलों और अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया।प्रधानमंत्री आवास योजना में संतोष जनक प्रगति न पाए जाने पर ग्राम सचिव नंदिनी गुप्ता व राजेश मिश्रा को तलब कर कड़ी फटकार लगाई।उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण व लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।सीडीओ सान्या छाबड़ा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कार्यालयों का रखरखाव संतोषजनक मिला, हालांकि कुछ कमियां मिली है। इन कमियों को दूर करने के लिए बीडीओ अशोक द्विवेदी एवं संजय दोहरी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एनआरसी केंद्रो के संचालन मे लापरवाही पर रखने पर कई सचिवों को कड़ी फटकार लगाई। यहां बीडीओ मनरेगा अशोक कुमार द्विवेदी बीडीओ संजय दोहरे एडीओ पंचायत रामनरेश सिंह आदि मौजूद रहे। सीडीओ के सख्त तेवर से ब्लॉक कार्यालय में हड़कंप मच गया। और अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## एसपी अशोक कुमार मीणा ने बिलग्राम कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना के बिलग्राम कोतवाली पहुंचने पर पुलिस बल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एसपी के आगमन को लेकर कोतवाली परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। इसके बाद एसपी ने वार्षिक निरीक्षण के तहत थाने से संबंधित अभिलेखों, रजिस्टरों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की गहन जांच की, जो संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने कोतवाली परिसर और भवन का भ्रमण कर साफ-सफाई, रखरखाव और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां सुधार की आवश्यकता दिखाई दी, वहां संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मेस भवन की स्थिति में सुधार लाने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान साइबर सेल, महिला हेल्प डेस्क और शस्त्रागार सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी बारीकी से परखा गया। आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि, रमजान और होली को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की तैयारियों की जानकारी ली गई। साथ ही क्षेत्र के बड़े अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह, कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार राय सहित समस्त पुलिस स्टाफ अपनी अपनी ड्यूटी की पोशाक में मौजूद रहा।


**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

नई दिल्ली। निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकी माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।



हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहा के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

लॉस एंजिल्स। के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

मुंबई। आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

मुंबई। मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर


नई दिल्ली। कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगो ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

नई दिल्ली। 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।



# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...



नई दिल्ली। अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहा और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।

***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

### *इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं*

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह



नई दिल्ली। मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नही, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।

## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

*नई दिल्ली। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो सभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्मे डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।